# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शनिवार
08 मार्च 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 08 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579





दादर और नगर हवेली में बोले पीएम मोदी

## ये सिर्फ एक केंद्र शासित प्रदेश नहीं हमारा गौरव और विरासत हैं

दादर । मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा, ये प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। सिलवासा एक ऐसा शहर बन चुका है जहां हर जगह के लोग रह रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादर और नगर हवेली के सिलवासा में सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने 2,587 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि वर्षों पहले मुझे यहां बहुत बार आने का अवसर मिलता था। सिलवासा और पूरा दादरा एवं नगर हवेली, दमन-दीव उस समय कितना अलग था। लोगों को भी लगता था कि समुद्र के किनारे इस छोटी सी जगह में क्या हो सकता है। लेकिन मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था।

मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा, ये प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। सिलवासा एक ऐसा शहर बन चुका है जहां हर जगह के लोग रह रहे हैं। यहां का विश्वव्यापी मिजाज बताता है कि दादरा एवं नगर हवेली में कितनी तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। इसी विकास अभियान के तहत आज यहां 2.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टूरिज्म, यानी हर क्षेत्र से जुड़े ढेर सारे प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास को और गति देंगे, यहां नए अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव... ये प्रदेश हमारा गर्व है, हमारी विरासत भी है। इसलिए हम इस प्रदेश को एक ऐसा मॉडल प्रदेश बना रहे हैं, जो अपने समग्र विकास के लिए जाना जाए। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव कई योजनाओं में सैचुरेशन की स्थिति में पहुंच गए हैं। जीवन के हर आयाम में, हर जरूरत के लिए सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन राशन कार्ड से हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी मिली है, जल जीवन मिशन से हर परिवार तक पीने का साफ पानी पहुंच रहा है, भारतनेट से डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत हुई है,


शेष पेज 2 पर


## चिंताजनक: 2050 तक 2.50 करोड़ लोग हो सकते हैं लाइलाज रोग का शिकार

### इसमें लगातार हिलते रहते हैं हाथ-पैर




नई दिल्ली । शोधकताओं ने बताया कि जिस गति से पार्किंसन बीमारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में डर है कि अगले 25 वर्षों में यानी कि साल 2050 तक दुनियाभर में ढाई करोड़ से अधिक लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं।

पिछले एक-दो दशकों में दुनियाभर में कई प्रकार की बीमारियों के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों की चर्चा तो हम सभी अक्सर करते रहते हैं पर क्या आप पार्किंसंस रोग के बारे में जानते हैं? पिछले 10-15 साल के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि ये बीमारी वैश्विक स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही है।

तंत्रिका तंत्र में समस्या वाली ये बीमारी आपके क्वालिटी ऑफ लाइफ को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। पार्किंसंस रोग में शरीर के अंगों विशेषकर हाथ-पैर में कंपन होते रहना बहुत आम है, ये दिक्कत लगातार बनी रहती है जिसके कारण रोजमर्रा के सामान्य काम काज में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है।

हाल ही में वैज्ञानिकों की टीम ने एक अध्ययन में इस रोग के बढ़ते जोखिमों को लेकर सभी लोगों को अलर्ट किया है। शोधकताओं ने बताया कि जिस गति से ये बीमारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में आशंका है कि अगले 25 वर्षों में यानी कि साल 2050 तक दुनियाभर में ढाई करोड़ से अधिक लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं।

सबसे बड़ी बात है कि इस रोग के लिए अब भी कोई इलाज उपलब्ध नहीं है।

चीन स्थित कैपिटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित कुछ अन्य शोधकताओं ने हाल ही में चिंता जताई है कि साल 2021 की तुलना में 2050 में पार्किंसन रोगियों की संख्या में 112 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।


शेष पेज 2 पर


## हरियाणा में बड़ा हादसा, वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर क्रैश



पंचकूला । भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी।

हरियाणा के पंचकूला स्थित मोरनी के बालदवाला गांव के पास शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। पायलट पैराशूट से उतरकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हालांकि माना जा रहा है कि विमान तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुआ है।

**लहराते हुए जंगल में गिरा विमान-** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान लहराते हुए पेड़ों से टकराता हुआ जंगल के बीच एक खाई में गिरा था।


शेष पेज 2 पर


## 'अयोध्या-काशी के बाद अब मथुरा की बारी...'

### बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली, दे गए आश्वासन

मथुरा। मथुरा के बरसाना में सीएम योगी होली महोत्सव में पहुंचे। यहां सजे मंच पर भव्य रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंच पर सीएम योगी के आते ही कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, शैलजकांत मिश्र, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, पूरन प्रकाश विधायक आदि ने पटुका पहनाकर स्वागत किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। आगे कहा कि महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। इसकी सफलता के लिए सनातनियों का आभार जताया। भारत के तीन तीर्थ में काशी उत्तर प्रदेश में है। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, वह महाकुंभ में देखने को मिली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।


शेष पेज 2 पर


## पंजाब पुलिस को नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड, अब कौशांबी जिला जेल की सेपरेट सेल में रहेगा आतंकी लजर मसीह




कौशांबी। आतंकी लजर मसीह को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद पंजाब पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन उन्हें नहीं मिल सकी।आतंकी लजर मसीह को कौशांबी जिला जेल के सेपरेट सेल में रखा गया है।

यूपी के कौशांबी जिले के कोखराज थाना इलाके से बब्बर खालसा के आतंकी लजर मसीह की गिरफ्तारी के बाद रिमांड को लेकर यूपी व पंजाब पुलिस के बीच खींचतान लगी रही। पंजाब पुलिस ने आतंकी को ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद आतंकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया, जहा इसे सेपरेट सेल में रखा गया है।

कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढ़ा तिराहा से गुरुवार की सुबह पकड़े गए आतंकी लजर मसीह को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद पंजाब पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन उन्हें नहीं मिल सकी।


शेष पेज 2 पर


सीएम अब्दुल्ला ने 370 हटने के बाद पेश किया पहला बजट; कहा-

## यह आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप है

जम्मू। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने छह साल बाद जम्मू-कश्मीर का पहला बजट पेश करते हुए इसे आर्थिक विकास का रोडमैप और जनता की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब बताया।



मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को जम्मू और कश्मीर का छह साल बाद पहला बजट प्रस्तुत किया और इसे आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप और जनता की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब बताया। विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते हुए सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विभिन्न क्षेत्रों में समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

सीएम अब्दुल्ला ने कहा मुझे जम्मू और कश्मीर का वित्त मंत्री होते हुए पहला बजट प्रस्तुत करने में खुशी हो रही है। यह आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप है और जनता की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब है। जिन्होंने अपना बजट भाषण एक फारसी कविता से शुरू किया।

यह बजट पिछले साल अक्तूबर में नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के सत्ता में आने के बाद पहला है, जब छह साल के बाद केंद्रीय शासन का समापन हुआ।


शेष पेज 2 पर


रेलवे की रणनीति | रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए

## रेलवे ने बनाई खास रणनीति, लिए कई अहम फैसले

नई दिल्ली । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में गुरुवार को अहम बैठक हुई। इसमें रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। इस उच्च स्तरीय बैठक में रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार की गई रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की और उनकी समीक्षा की गई। इसमें तय किया गया कि पिछले त्योहारी सीजन और महाकुंभ के अनुभवों के आधार पर देशभर के ऐसे 60 स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे, जहां समय-समय पर भारी भीड़ रहती है। नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने पर ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। इससे स्टेशनों पर भीड़ कम होगी।



**केवल कन्फर्म रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति-** बैठक में तय किया गया कि 60 स्टेशनों पर पूर्ण प्रवेश नियंत्रण शुरू किया जाएगा। केवल कन्फर्म रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी और सभी ऐसे प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा, जो अनिधिकृत होंगे।

**नए मानक-चौड़े एफओबी सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे**

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि 12 मीटर चौड़े (40 फीट) और 6 मीटर चौड़े (20 फीट) मानक एफओबी के दो नए डिजाइन विकसित किए गए हैं। रैंप वाले ये चौड़े एफओबी महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत प्रभावी रहे। ये नए मानक-चौड़े एफओबी सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे।

**कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे-** इसके अलावा यह भी फैसला लिया गया कि महाकुंभ के दौरान कैमरों ने भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद की। सभी स्टेशनों और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे। बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम बनाए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वॉर रूम में काम करेंगे।


शेष पेज 2 पर

# किराये के मकान में मोहल्ला क्लीनिक चलाना गलत नहीं, सत्येंद्र जैन बोले, भाजपा का पलटवार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक को बंद को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। आप नेता सत्येंद्र जैन ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली में 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद किए जाएंगे। मोहल्ला क्लीनिकों में सभी का इलाज मुफ्त किया जाता है। जिसके बाद भाजपा ने पलटवार भी किया।

राजधानी में निजी स्थानों पर चल रहे मोहल्ला क्लीनिकों पर लटकी तलवार पर आप ने सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चुनाव से पहले आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी दी थी कि भाजपा जीत गई तो मोहल्ला क्लीनिक, स्कूल, फ्री बिजली, पानी व बस यात्रा सब बंद हो जाएंगे।

**'मोहल्ला क्लीनिकों में सभी का इलाज मुफ्त'**

वहीं, आप नेता सत्येंद्र जैन ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली में 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद किए जाएंगे। मोहल्ला क्लीनिकों में सभी का इलाज




मुफ्त किया जाता है। हर मोहल्ला क्लीनिक में एक डॉक्टर, दवाइयां और 365 टेस्ट फ्री करवाने की सुविधा उपलब्ध है। कई टेस्ट ऐसे भी हैं, जो कई बड़े अस्पतालों में भी नहीं होते हैं।

आप सरकार ने दिल्ली में करीब 550 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। भाजपा 250 को बंद करने जा रही है। भाजपा को इन्हें बंद करने की जगह ऐसे एक हजार और खोलने चाहिए। किराये के मकान में मोहल्ला क्लीनिक चलाना गलत काम नहीं है। इन क्लीनिकों में हर रोज करीब 75 हजार लोगों का इलाज किया जाता है। आप सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक बनाए थे, इसलिए भाजपा सरकार उसे बंद कर देगी।

**मोहल्ला क्लीनिक के मामले में भाजपा का पलटवार**

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पर मोहल्ला क्लीनिक घोटाले को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक से जुड़ी हर प्रक्रिया भ्रष्टाचार से भरी रही है। वीरेन्द्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार से पहले दिल्ली में लगभग 400 सरकारी डिस्पेंसरी थीं, जिनमें से अधिकांश को बंद कर मोहल्ला क्लीनिक खोले गए।

किराये की जगहों पर मोहल्ला क्लीनिक क्यों खोले गएः वीरेन्द्र सचदेवा

उन्होंने दावा किया कि इन क्लीनिकों के लिए मंत्रियों और विधायकों से जुड़े आप समर्थकों के परिसरों को चुना गया और बाजार भाव से अधिक किराया देकर किकबैक लिया गया। उन्होंने कहा कि अब जब सत्येंद्र जैन की याद्दाश्त लौट रही है, तो उन्हें यह बताना चाहिए कि सरकारी परिसरों को छोड़कर किराये की जगहों पर मोहल्ला क्लीनिक क्यों खोले गए?

**अधिक किराया दिया गया, जांच के लिए तैयार रहें: वीरेन्द्र सचदेवा**

उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सत्येंद्र जैन इस बात से इनकार कर सकते हैं कि मोहल्ला क्लीनिकों के लिए बाजार दर से अधिक किराया दिया गया और क्या वह इसकी जांच को तैयार हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में आवश्यकता अनुसार हेल्थ क्लीनिक और जांच केंद्र खोलेगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे सरकारी परिसरों में स्थापित हों, ताकि किसी भी तरह के घोटाले से बचा जा सके।

# विद्यालय के 240 छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया





नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

पी एन एन मोहन पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) सेक्टर 5 वसुंधरा गाजियाबाद में 21 जनवरी,2025 को विषयवार प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में छात्रों के लिए विभिन्न विषयों पर गहरी रुचि दिखाने का एक अवसर था । इस प्रदर्शनी में छात्रों ने ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों में भी गहरी रुचि दिखाई और इस आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन की तारीफ की। विद्यालय के 240 छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह केवल छात्रों के लिए ही बल्कि विद्यालय के लिए भी अपने छात्रों का मूल्यांकन करने का अवसर था। विद्यालय के चेयरमैन सुनील कुमार शर्मा, मैनेजर संगीता शर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती शशि शर्मा ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्रों के बने हुए मॉडलों की तारीफ की ,तथा उनका उत्साहवर्धन किया।चेयरमैन ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी अपने आप में एक सीखने का अनुभव, अकादमिक प्रगति और उपलब्धि का मूल्यांकन करने का साधन है। उन्होंने अध्यापकों की तारीफ करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों को अध्यापकों के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो सकी है। उन्होंने इस सफल विषय वार प्रदर्शनी के लिए विद्यालय के सभी अध्यापकों का आभार जताया।

# सीएम रेखा का वादाः पूरी दिल्ली में खुलेंगे जन औषधि केंद्र, कैंसर-शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां मिलेंगी सस्ती

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के कारण दिल्ली में योजना लागू नहीं हो पाई, लेकिन हमारी सरकार इस लाभकारी योजना को लागू करेगी। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने करोल बाग में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार पूरे शहर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को लागू करेगी। इसके तहत पूरी दिल्ली में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों को सस्ती दवा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने जन औषधि दिवस के अवसर पर अशोक विहार स्थित जन औषधि केंद्र का दौरा करने के दौरान यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कारण दिल्ली में योजना लागू नहीं हो पाई, लेकिन हमारी सरकार इस लाभकारी योजना को लागू करेगी। इसके बाद दिल्ली के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दवा और चिकित्सा संबंधी वस्तुएं कम कीमतों पर उपलब्ध होंगी। इस योजना से गरीब लोगों को लाभ मिलेगा और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां काफी कम कीमत में मिलेंगी।

इन केंद्रों में सेनेटरी नैपकिन मात्र एक रुपये में उपलब्ध है। हमारी सरकार हाईकोर्ट के आदेशानुसार दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों के 500 मीटर के दायरे में कम से कम एक जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी। ये केंद्र ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-70 प्रतिशत कम कीमत पर जनता को डब्लूएचओ



प्रमाणित दवाइयां और चिकित्सा संबंधी वस्तुएं उपलब्ध कराती हैं। बहुत सारी दवाइयां 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं।

लोग हैं पूरी तरह संतुष्ट : बिधूड़ी

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जन औषधि दिवस पर एम्स परिसर स्थित जन औषधि केंद्र पर आए लोगों से मुलाकात की। बिधूड़ी ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में लोग दवाइयां खरीदने आते हैं। प्रधानमंत्री की यह योजना बहुत सफल है। लोगों ने बताया कि 100 रुपये की दवाई केवल 10-12 रुपये में मिल जाती है और क्वालिटी भी उत्तम श्रेणी की है।

**स्वस्थ भारत सुनिश्चित हुआः बांसुरी**

नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने करोल बाग में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में लगभग 15000 ऐसे केंद्र खोले गए हैं। यह केंद्र लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे एक स्वस्थ भारत सुनिश्चित होता है।

## पेज एक का शेष...

भी

### ये सिर्फ एक केंद्र शासित प्रदेश नहीं हमारा गौरव और विरासत हैं

पीएम जनधन ने हर परिवार को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है, पीएम जीवन ज्योति बीमा और पीएम सुरक्षा बीमा योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है।

मोदी ने कहा कि इन योजनाओं की सफलताओं ने यहां के लोगों को विश्वास से भर दिया है। सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में जो सकारात्मक बदलाव आए हैं, उसके व्यापक प्रभाव दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में इस क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का काफी विस्तार हुआ है। 2023 में मुझे यहां 'नमो मेडिकल कॉलेज' के उद्घाटन का अवसर मिला था। अब इसके साथ 450 बैड की क्षमता वाला एक और अस्पताल जुड़ गया है, जिसका आज यहां उद्घाटन किया गया है। आज जन औषधि दिवस भी है। जन औषधि यानी-सस्ते इलाज की गारंटी ! जन औषधि का मंत्र है - दाम कम, दवाई में दम! हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केन्द्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है।

### चिंताजनकः 2050 तक 2.50 करोड़ लोग हो सकते हैं इस लाइलाज रोग का शिकार

इसके कारण साल 2050 तक ढाई करोड़ से अधिक लोगों के इस रोग की चपेट में आने का डर है। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती जाती है इस रोग का खतरा भी बढ़ता जाता है।

ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की रिपोर्ट बताती है कि अकेले दक्षिण एशिया में दो दशकों में अनुमानित रोगियों की संख्या 68 लाख हो सकती है। पार्किंसंस रोग भारत में भी बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करती है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में प्रति एक लाख लोगों में इसके 15 से 43 मरीज हो सकते हैं।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पुरुषों में इस बीमारी का जोखिम महिलाओं की तुलना में अधिक देखा जाता रहा है। पुरुषों और महिलाओं में पार्किंसन अनुपात 2021 में 1.46 था, जो 2050 तक 1.64 हो सकता है। आमतौर पर, यह 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र में शुरू होता है। कुछ मामलों में देखा गया है कि पार्किंसंस रोग कम उम्र के वयस्कों में भी हो रहा है, लेकिन ऐसे मामले अब भी दुर्लभ हैं।

जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को ये बीमारी रही हो उनमें आनुवांशिक तौर पर भी इसका जोखिम अधिक हो सकता है। इसके अलावा अगर आप ऐसे काम करते हैं जिनमें विषाक्त पदार्थों, कीटनाशकों और रसायनों के लगातार संपर्क में रहना होता है तो इसके कारण भी पार्किंसंस रोग का जोखिम बढ़ सकता है।

पार्किंसन बीमारी तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम से जुड़ी बीमारी है। यह मस्तिष्क के उस हिस्से को प्रभावित करती है जहां से पूरे शरीर की गतिविधि नियंत्रित होती है। इस वजह से शरीर के अंगों में कंपकंपी और मांसपेशियों में जकड़न और रफ्तार धीमी हो जाती है। इसके साथ ही मरीज को सोचने, संतुलन बनाए रखने यानी चलने, खड़े होने, बात करने और बैठने में भी परेशानी होती है। हाथ व पैर के लगातार हिलते रहने के लिए खाना खाना भी कठिन हो सकता है।

शोधकताओं ने ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2021 के डाटा का विश्लेषण किया। उन्होंने 2022 से 2050 के बीच 195 देशों और क्षेत्रों में इस बीमारी के बढ़ने के कारणों की जांच की। उन्होंने पाया कि बुजुर्ग आबादी का बढ़ना 90 फीसदी पार्किंसन के नए मामलों की मुख्य वजह हो सकता है।

हाथों के कांपते रहना सबसे आम समस्या

पार्किंसंस रोग के लक्षण हर किसी में अलग-अलग हो सकते हैं। शुरूआती लक्षण हल्के हो सकते हैं, और हो सकता है कि आपको उन पर ध्यान भी न जाए।

इसमें कंपन होते रहना बहुत आम है और ये आमतौर पर हाथों या उंगलियों में शुरू होता है। कभी-कभी ये पैर या जबड़े में भी हो सकता है। इतना ही नहीं जब आप आराम कर रहे हों तब भी आपका हाथ हिलता रह सकता है। इसके अलावा कुछ लोगों को बोलने में भी दिक्कत होने लगती है।

अब भी नहीं है इसका कोई इलाज

वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पार्किंसंस रोग को ठीक नहीं किया जा सकता है, इसका कोई विशिष्ट उपचार भी नहीं है। कुछ दवाएं लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। कुछ लोगों को सर्जरी करवानी पड़ सकती है।

जीवनशैली में कुछ बदलाव आपके पार्किंसंस रोग के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ खाने और खूब सारे तरल पदार्थ पीने से कब्ज को रोकने में मदद मिल सकती है, जोकि इस रोग में होने वाली एक आम समस्या है। इसके अलावा व्यायाम करने से आपकी मांसपेशियों की ताकत, चलने की क्षमता, लचीलापन और संतुलन बेहतर हो सकता है।

### हरियाणा में बड़ा हादसा, वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर क्रैश

विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और वह कई टुकड़ों में बंट गया। विमान के टुकड़े आसपास के क्षेत्रों में बिखरे पाए गए हैं।

मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचा- दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षेत्र को सील कर दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है।

### पंजाब पुलिस को नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड, अब कौशांबी जिला जेल की सेपरेट सेल में रहेगा आतंकी लजर मसीह

आतंकी पंजाब के अमृतसर जिला कोर्ट से पेशी के दौरान फरार हुआ था। यही कारण था कि गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस ने उसे अपने साथ ले जाने के लिए कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड मांगी थी।

कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड को खारिज कर दिया है। कोखराज थाना पुलिस ने आतंकी को कोर्ट में पेश कराया। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में आतंकी को जेल भेज दिया है। आतंकी लजर मसीह को कौशांबी जिला जेल के सेपरेट सेल में रखा गया है। कौशांबी जिला जेल में हाई सिक्योरिटी सेल और व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते ऐसे लोगों को सेपरेट सेल में रखा जाता है। यहां सिंगल बैरिक में आतंकी को रखा गया है।

### 'अयोध्या-काशी के बाद अब मथुरा की बारी...'

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

होली एकता और सद्भाव का त्योहार- सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुम्भ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

श्रीराधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास का निवेदन-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी।

बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक-कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।

ये रहे मौजूद -इस अवसर पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, मंत्रीगण संदीप सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरण प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना विजय सिंह, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं गीतांजली शर्मा ने अपने समूह के साथ नृत्य के जरिए फूलों की होली पर विशेष प्रस्तुति दी।

### रेलवे ने बनाई खास रणनीति, लिए कई अहम फैसले

टिकटों की बिक्री को नियंत्रित करने का अधिकार-बैठक में तय किया गया कि सभी बड़े स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक के तौर पर एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। स्टेशन निदेशक को वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वह स्टेशन को बेहतर बनाने के लिए मौके पर ही फैसले ले सके। स्टेशन निदेशक को स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के हिसाब से टिकटों की बिक्री को नियंत्रित करने का अधिकार दिया जाएगा।

### यह आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप है

जम्मू और कश्मीर से 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया था, और 2018 में पीडीपी-बीजेपी सरकार के तहत आखिरी बजट सत्र हुआ था।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सदन में कहा हमारी चुनौतियां विशाल हैं और हमारी सीमाएं कई हैं, लेकिन हमें एकजुट होकर इन चुनौतियों का डटकर सामना करने का संकल्प लेना चाहिए। इस पहले बजट को हमारी जनता के सपनों, हमारे भविष्य पीढ़ियों की जरूरतों और जम्मू और कश्मीर के हर नागरिक की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब बनाने की कोशिश की है।

जम्मू और कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना लोगों की गहरी आकांक्षा है और हमारी सरकार इसके समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है। बजट प्रस्तुत करने से पहले अब्दुल्ला ने एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन बजट प्रस्तुत करेंगे।

अब्दुल्ला बोले- सात साल पहले मजाक-मजाक में बजट प्रस्तुत करने के लिए अभियन कर रहा था

सात साल पहले, मैं मजाक करते हुए वित्त मंत्रियों की तरह विधानसभा और संसद में बजट प्रस्तुत करने के लिए अपना ब्रीफकेस उठाने का अभिनय कर रहा था। मुझे कभी नहीं लगा था कि मैं यह असल में करूंगा। उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह दिवंगत बीजेपी नेता देवेंद्र सिंह राणा के साथ ब्रीफकेस लेकर चल रहे थे।

जम्मू-कश्मीर बजट की अहम बातें

1- कृषि के लिए 815 करोड़ रुपये का आवंटन

2- 2.88 लाख युवाओं के लिए रोजगार सृजन

3- पर्यटन के लिए 390.20 करोड़ रुपयों का प्रावधान

4- 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा

5- स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार (दो एम्स, 10 नए नर्सिंग कॉलेज)

6- फिल्म नीति की शुरूआत (खेल और इको टूरिज्म का केंद्र बनाने का लक्ष्य)

# हरियाणवी सिनेमा की सुपरस्टार अन्नूश्री अब मुंबई की ओर

सुरेंद्र मलानिया

बागपत। हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे चमकदार और लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अन्नूश्री ने अपनी मेहनत और दमदार अभिनय से एक खास मुकाम हासिल किया है। 100 से ज्यादा फिल्मों में काम करके उन्होंने न केवल हरियाणा की कला और संस्कृति को बड़े पर्दे पर जिंदा रखा, बल्कि अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में एक अलग पहचान बनाई। अब अन्नूश्री के करियर में एक नया मोड़ आने वाला है, क्योंकि वे जल्द ही मुंबई की ओर रुख करने जा रही हैं। इस खबर ने उनके फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह भर दिया है, जो अब उन्हें बॉलीवुड के बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं।

**हर किरदार को दिल से निभाया, साइड रोल से लेकर लीड तक का सफर**– अन्नूश्री ने अपने करियर की शुरूआत छोटे-छोटे किरदारों से की थी, लेकिन उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि बड़ा रोल ही पहचान दिलाएगा। उनका मानना था कि हर किरदार मायने रखता है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। यही वजह रही कि उन्होंने साइड रोल करने से भी कभी गुरेज नहीं किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और वे हरियाणवी सिनेमा की टॉप हीरोइनों में शुमार हो गईं।



उनकी फिल्में सुपरहिट छोरी तकरार, दरार, पड़ोसन ₹हरियाणवी गर्जना₹, ₹देसी स्टार₹, ₹म्हारी छोरी नंबर वन₹ और ₹गबरू हरियाणा के जैसी कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रही हैं। अन्नूश्री ने कॉमेडी, रोमांस, एक्शन और इमोशनल हर तरह की फिल्मों में काम किया है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने ही उन्हें इंडस्ट्री की सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा अभिनेत्री बना दिया।

**अब बॉलीवुड की ओर कदम, नया सफर होगा रोमांचक**–हरियाणा के सिनेमा प्रेमियों के लिए यह खबर भले ही थोड़ी भावुक करने वाली हो, लेकिन उनके लिए गर्व की भी बात है कि उनकी चहेती स्टार अब बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाने जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, अन्नूश्री कुछ बड़े बैनरों के साथ बातचीत कर रही हैं और जल्द ही किसी बॉलीवुड प्रोजेक्ट में नजर आ सकती हैं।

उनके फैंस को पूरी उम्मीद है कि जिस तरह अन्नूश्री ने हरियाणवी सिनेमा में अपना जलवा बिखेरा, वैसे ही वे बॉलीवुड में भी धमाकेदार एंट्री करेंगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि वे मुंबई में अपने नए सफर की शुरूआत किस प्रोजेक्ट से करती हैं और किस शैली की फिल्मों में नजर आती हैं।

**हरियाणवी सिनेमा के लिए एक नई प्रेरणा**– अन्नूश्री की यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे हरियाणवी फिल्म जगत के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता ने यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी भी क्षेत्र की मोहताज नहीं होती, बस मेहनत और लगन से सबकुछ संभव है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि अन्नूश्री बॉलीवुड में अपनी पहचान कैसे बनाती हैं और किन बड़े सितारों के साथ स्क्रीन शेयर करती हैं। उनके चाहने वालों की शुभकामनाएँ उनके साथ हैं, और सभी को उम्मीद है कि उनका यह नया सफर भी उतना ही शानदार रहेगा जितना हरियाणवी सिनेमा में रहा।

# योग से सकारात्मक विकास संभव - डॉ. मुछाल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बड़ौत/बागपत- दिगंबर जैन कॉलेज, बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय एवं तृतीय के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन, 7 मार्च 2025 को, प्रथम सत्र का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मुछाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं को प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए डॉ. मुछाल ने कहा कि अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं उदित प्राणायाम से सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। इसके बाद हिमांशु मुछाल ने स्वयं सेविकाओं को लंबाई बढ़ाने के लिए ताड़ासन, वृक्षासन, पश्चिमोत्तानासन, सर्वांगासन और चक्रासन का अभ्यास कराया। साथ ही, उन्होंने प्रतियोगात्मक योग आसनों का भी प्रशिक्षण दिया।

इसके उपरांत, सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक पुस्तक पाठन का सत्र आयोजित किया गया। दोपहर 12:15 बजे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजना चेतन एवं डॉ. रुचिका जैन के नेतृत्व में दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

**दूसरा सत्र: मानसिक तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान**

दूसरे सत्र की शुरूआत दिगंबर जैन कॉलेज के हिंदी विभाग के डॉ. अमित जैन के व्याख्यान से हुई। उन्होंने ₹मानसिक तनाव को कैसे कम करें और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बनाया जाए₹ विषय पर ठरर स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया।

इसके बाद, स्वयं सेविकाओं ने अपने कार्यस्थल पर जाकर ₹शिक्षा सबका अधिकार₹ जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान ने किया महिलाओं को सम्मानित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत।क्रांतिनायक शहीद धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया।

इसमें नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली महनीय 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम अध्यक्षा मिथलेश तोमर क्षेत्रीय अध्यक्षा सेवा भारती मातृमंडल (आर एस एस ) ने कहा कि कान्तिनायक धनसिंह कोतवाल द्वारा शोध संस्थान द्वारा शुरू किया गया नारी शक्ति सम्मान समारोह वास्तव में नारी के सम्मान को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य अतिथि नूपुर गोयल (आई ए एस) मुख्य विकास अधिकारी मेरठ ने कहा कि वह नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने अपने सहज सरल जीवन में सामान्य कार्य करते हुए नारियों के उत्थान में बड़ा सहयोग प्रदान किया। अति विशिष्ट अतिथि सौरभ गंगवार (आई ए एस) नगर आयुक्त नगर निगम मेरठ ने कहा कि आज नारियां जिस मुकाम पर पहुंच रही हैं, वह वास्तव में प्रसन्नता का विषय है। शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि आज 51 उन महिलाओं का सम्मान किया गया है जिन्होंने क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल तथा अन्य क्रांतिकारियों पर शोधकार्य, शिक्षा उत्थान,खेल, चिकित्सा, व्यवसाय, कृषि, कला ,विज्ञान, प्रबंधन, पत्रकारिता, योग, समाजसेवा तथा महिला उत्पीड़न बचाव कार्य आदि के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट प्रेरणादायक कार्य किया है।

निर्णायक मंडल के अध्यक्ष राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सरबजीत सिंह कपूर, सदस्य चयन समिति प्रोफेसर डॉक्टर किरण प्रदीप व रितु मांगलिक को भी सम्मानित किया गया।

संचालन प्रधानाचार्य संजीव कुमार नागर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रोफेसर देवेश चंद्र शर्मा, प्रोफेसर प्रशांत कुमार, डॉक्टर उमेश कुमार पटेल, पूर्व इंस्पेक्टर चेतन सिंह, एडवोकेट राजेंद्र राणा, राजबल सिंह, अशोक चौधरी, मनोज बुटार, सत्येंद्र भड़ाना आदि उपस्थित रहे।

# त्रिलोक तीर्थ धाम में अष्टनिहका पर्व का हुआ शुभारंभ



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। ऐतिहासिक त्रिलोक तीर्थ धाम बड़ा गांव में गुरुवार कोअष्टनिहका महापर्व का शुभारंभ हो गया, इसमें श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी और उन्होंने विधि-विधान के साथ भगवान की पूजा अर्चना की।

सुबह के समय महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। महिलाएं पित्त वस्त्र धारण किए हुए थी और सिर पर मंगल कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। सिद्धो की महाअर्चना की गई और सिद्ध चक्र पाठ का प्रारंभ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूरा मंदिर भगवान के जय-जयकार के उदघोषों से गूंज उठा। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते जाते रहे। अष्टनिहका पर्व को लेकर मंदिर को बहुत ही भव्य तरीके के साथ सजाया गया है, जिसकी रौनक देखते ही बनती है। ध्वजारोहण पी के जैन बसुंधरा गाजियाबाद ने किया। आज 8 अर्घ्य चढ़ाए गए। सभी ने विधानाचार्य पण्डित नवीन जैन, विधान आर्यिका श्री द्रष्टिभूषण माता जी एव मुनि श्री ज्ञात सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। त्रिलोक तीर्थ धाम बड़ा गांव के प्रबंधक त्रिलोकचंद जैन ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# केमिकल रंगों के बजाये प्राकृतिक रंगों से खेले होली : राजीव गुप्ता

बागपत। सुप्रसिद्ध समाजसेवी राजीव गुप्ता ने कहा कि होली हमारा प्रमुख त्यौहार है, इसको हर्षोल्लास के साथ सावधानीपूर्वक मनाना चाहिए।

राजीव गुप्ता ने कहा कि होली केमिकल रंगों के बजाये प्राकृतिक रंगों से खेलनी चाहिए। होली आपसी भाईचारा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। किसी के बीच यदि कोई मनमुटाव व भेदभाव चला आ रहा हो तो वह होली पर गले मिलकर उन्हें दूर करे। उन्होंने कहा कि होली पर किसी को जबरदस्ती रंग ना लगाये। होली खेलते समय या उसके बाद अगर किसी को शरीर में जलन, खुजली, आंखों के आगे धुंधलापन आदि समस्यायें दिखायी दे तो तुरन्त नजदीकी डाक्टर से सम्पर्क करें और इलाज कराये। राजीव गुप्ता ने कहा कि होली एक तरफ जहां खुशियों का त्यौहार है, वहीं दूसरी तरफ थोड़ी सी लापरवाही जिंदगी भर का दुख भी दे सकती है। होली खेले, लेकिन उसके साथ सावधानी भी जरूर बरतें।



## गाड़ी फाइनेंस करवाकर फरार, दो लोगों के खिलाफ एफआईआर

बरेली। चोला मंडलम से गाड़ी फाइनेंस करवाकर फरार, दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।मिनी बाइपास, रामपुर रोड स्थित शील कृष्ण मोटर्स के कार्यालय में कार्यरत चोला मंडलम इन्वेस्टमेंट कंपनी के एरिया बिजनेस मैनेजर कौशल किशोर शर्मा ने एक ग्राहक पर वाहन लोन लेकर गाड़ी खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाया है। कंपनी ने इस संबंध में थाना बारादरी पुलिस से शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने पर कोर्ट का रुख किया। मिनी बाइपास, रामपुर रोड स्थित शील कृष्ण मोटर्स के कार्यालय में एरिया बिजनेस मैनेजर कौशल किशोर शर्मा ने आरोप लगाया कि वाहन मालिकों ने साजिश के तहत गाड़ी को गायब कर दिया है। जब कंपनी ने बकाया लोन चुकाने और गाड़ी की जानकारी के लिए धनपाल के घर संपर्क किया, तो उन्होंने हर बार बहाना बनाकर बात टाल दी। बाद में जब दोबारा लोन भुगतान को लेकर दबाव बनाया गया तो उन्होंने खुलकर कहा कि ह्लहम इसी तरह से लोन लेते हैं और फिर वाहनों को गायब कर देते हैं।

इसकी शिकायत 13 सितंबर 2024 को पुलिस से की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 21 अक्टूबर 2024 को एसएसपी को भी पत्र भेजा गया, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद इसकी शिकायत कोर्ट में की गई। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को थाना बारादरी में एफआईआर दर्ज की गई है।

# जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम: आदिवासी युवाओं में राष्ट्र निर्माण की नई प्रेरणा का हुआ संचार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत - युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्धनगर द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 16वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना सफल रहा। इस पहल के तहत छत्तीसगढ़ और ओडिशा के नक्सल प्रभावित जिलों झ्र बस्तर, बीजापुर, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़, सुकमा और कालाहांडी से आए 220 युवा प्रतिभागियों ने इस आयोजन में भाग लिया।





कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता, पंच प्रण, विकसित भारत, नक्सलवाद से मुक्ति और शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। इस दौरान युवाओं को यह समझाया गया कि विकास गतिविधियों में भागीदारी और शिक्षा ही असली देशभक्ति है। बस्तर से आई आदिवासी युवती फूलमणि कश्यप ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, ₹भारत सरकार के इस कार्यक्रम ने हमें एक नए भारत को देखने और समझने का अवसर दिया। यह अनुभव न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि अविस्मरणीय भी है। हमें हिंसा और नक्सलवाद से दूर रहकर शिक्षा को अपना हथियार बनाना चाहिए ताकि हम विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।

शाम को सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल दादरी में शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने अपने विचारों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इन प्रतियोगिताओं ने युवाओं के आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया। इसके अलावा, आदिवासी प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया। पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत की विविधता ही उसकी असली ताकत है।

कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। अतिथियों में सामाजिक कार्यकर्ता एच के शर्मा, सभासद ज्ञान सिंह रावल, परमानंद कौशिक, सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल के संदीप शर्मा प्रबंधक और प्रधानाचार्या आशा शर्मा ने युवाओं को शिक्षा और नेतृत्व के महत्व पर प्रेरित किया। प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार से सम्मानित, स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्डी अमन कुमार ने युवाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उनकी भूमिका पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आयोजन समिति ने आभार व्यक्त किया। नेहरू युवा केन्द्र गौतमबुद्धनगर से एसीटी फरमूद अख्तर, स्वयंसेवकों में तालिब, प्रकाश तिवारी, लक्ष्मी, रुकसार आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम ने न केवल आदिवासी युवाओं को शिक्षा, एकता और विकास की ओर प्रेरित किया, बल्कि उन्हें हिंसा और नक्सलवाद से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक नया दृष्टिकोण भी दिया। यह आयोजन एक ऐतिहासिक पहल बनकर उभरा, जिसने इन युवाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने की नींव रखी।

# मैनपुरी मे श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ 22 मार्च को

मैनपुरी – जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनपद की ऐतिहासिक, सुप्रसिद्ध एवं विख्यात श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के चयनित संयोजकों के साथ बैठक में कहा कि सभी संयोजक प्रदर्शनी की गरिमा के अनुसार अभी से निर्धारित तिथि हेतु कलाकारों की बुकिंग कर लें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी का आयोजन होते हुए 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, शताब्दी वर्ष में आयोजन हो रहा है, इसलिए कादंबरी रंगमंच पर आयोजित होने वाली कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ हों। ज्ञात रहे कि श्रीदेवी मेले का शुभारंभ दि. 22 मार्च को श्री शीतला देवी मंदिर पर पूजन एवं हवन के साथ वैदिक रीति–रिवाज से होगा, शतचण्डी महायज्ञ एवं देवी पूजन के संयोजक सुरेश चन्द्र वंसल वीनू हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन दि. 29 मार्च को होगा, उद्?घाटन के दिन डा. राकेश गुप्ता द्वारा कादम्बरी रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा, दि. 05 अप्रैल को



प्रेमबाबू अम्बेश के संयोजकत्व में एक शाम शिव बाबा के नाम दि. 07 अप्रैल को संजीत गौड एड के संयोजकत्व में विधि सम्मेलन, दि. 08 अप्रैल को आर.सी. पाण्डेय के संयोजकत्व में सिविल पेंशनर्स सम्मेलन, दि. 10 अप्रैल को श्रीकृष्ण यादव पहलवान के संयोजकत्व में विराट दंगल, दि. 11 अप्रैल को घनश्याम दास गुप्ता के संयोजकत्व में भजन संध्या, दि. 12 अप्रैल को अपरान्ह में डा. सुमंत गुप्ता के संयोजकत्व में लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन का आयोजन होगा।

दि. 14 अप्रैल को नीरू बाला जैन के संयोजकत्व में महिला सम्मेलन एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम, सायं में राहुल दुबे के संयोजकत्व में एक शाम कन्हैया के नाम, दि. 15 अप्रैल को आशुतोष तिवारी के संयोजकत्व में लोकगीत एवं लोकनृत्य, दि. 16 अप्रैल को अपरान्ह में सैनिक कल्याण अधिकारी के संयोजकत्व में भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन, सायं में मुशायरा, दि. 17 अप्रैल को शादाब मंसूरी के संयोजकत्व में कब्बाली, दि. 18 अप्रैल को आशीष धूसिया के संयोजकत्व में पत्रकार सम्मेलन, दि. 19 अप्रैल को अपरान्ह में अजय किशोर सक्सैना के संयोकत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्रीय एकता सम्मेलन एवं महाराजा तेज सिंह के जीवन पर आधारित कार्यकम एवं सायं में के.के. मिश्रा के संयोजकत्व में श्रीदेवी जागरण, दि. 20 अप्रैल को शम्शुद्दीन वारसी के संयोजकत्व में शाम–ऐ–गजल, दि. 21 अप्रैल को एस. साराभाई के संयोजकत्व में एक शाम राष्ट्र के नाम, दि. 22 अप्रैल को रॉबिन तिवारी के संयोजकत्व में स्थानीय बच्चों के कार्यकम, दि. 23 अप्रैल को आलोक दीक्षित के संयोजकत्व में संगीत सम्मेलन, दि. 25 अप्रैल को आलोक गुप्ता के संयोजकत्व एवं प्रदीप चौहान के सह संयोजकत्व में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, प्रदर्शनी के शुभारंभ एवं समापन के अवसर पर मुजम्मिल मिर्जा के संयोजकत्व में आतिशबाजी की जायेगी, डा. चन्द्रमोहन सक्सैना के संयोजकत्व में योगा का कार्यक्रम भी होगा।

उन्होंने संयोजकों की मांग पर कार्यक्रम की निर्धारित राशि में से 50 प्रतिशत राशि अग्रिम भुगतान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए नाजिर, सचिव प्रदर्शनी को संयोजकों को अग्रिम भुगतान हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर, सचिव प्रदर्शनी अभिषेक कुमार, विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# सरकारी इच्छाशक्ति रोकेगी मरीजों का दोहन

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दशार्ता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है।

दरअसल, अस्पताल की फामेर्सी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निमार्ताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। निश्चित रूप से औषधि विनियामक प्रणाली में सुधार करने से तमाम असहाय रोगियों की परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट बताती है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों का खर्च सात गुना होता है। खासकर कोरोना काल के बाद चिकित्सा खर्च में खासी बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर उचित गाइडलाइंस बनानी चाहिए। निजी अस्पतालों व मरीजों के हितों के मद्देनजर राज्य सरकारों के संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# किम जोंग पर ट्रंप की चुप्पी के मायने

**उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार, या मिसाइल कार्यक्रमों को वैसे भी नहीं छोड़ने वाला है। उत्तर कोरिया के हवाले से कुछ विशेषज्ञों का आकलन है कि ट्रंप अपने कूटनीतिक टूलबॉक्स से धूल झाड़ सकते हैं, और किम जोंग उन के साथ एक और शिखर सम्मेलन की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन किम, परमाणु राज्य का दर्जा पाने की महत्वाकांक्षा त्याग नहीं सकते। पिछले महीने नई ह्वासोंग-19 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के बाद, उत्तर कोरिया ने पुष्टि की, कि देश की परमाणु शक्ति को मजबूत करने की नीति कभी नहीं बदलेगी। 2023 में, उत्तर कोरिया ने परमाणु शक्ति को मजबूत करने की अपनी नीति को सुदृढ़ करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया। उसने स्पष्ट कर दिया कि परमाणु संपन्न देश बनने की उसकी स्थिति अपरिवर्तनीय बनी हुई है।**

सवाल यह है, ट्रम्प किम से इतना डरते क्यों हैं? क्या उसका मुंहफट होना ट्रम्प को डराता है, या कि सैन्य दुस्साहस? उत्तर कोरिया, 2022 से रूस-यूक्रेनी युद्ध में शामिल है, जब उसने स्वघोषित डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक को मान्यता देकर रूस का समर्थन किया था।

क्या अमेरिका को उत्तर कोरिया के साथ बातचीत फिर से शुरू करनी चाहिए? ठीक एक माह पहले 7 फरवरी को जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने डोनाल्ड ट्रम्प को सुझाव दिया था, कि वो उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन से दोबारा बात करें। लेकिन, जेलेन्स्की से जो अनुभव ट्रम्प ने प्राप्त किया है, उस कड़वे अनुभव के आधार पर ट्रम्प कम से कम किम से तुरंत नहीं उलझेंगे। जेलेन्स्की, चाहे आने वाले दिनों में नरम पड़ जाएं, या खनिज समझौता कर लें, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की जिस तरह आमने-सामने हेकड़ी उतारी है, उससे उनका प्रभामंडल निस्तेज हुआ है। अटलांटिक से लेकर, एशिया-प्रशांत और मिडल ईस्ट तक कुछ शासन प्रमुखों का हौसला बुलंद हुआ है, कि व्हाइट हाउस से दबो नहीं। तुर्की-ब-तुर्की जवाब दो।

7 फरवरी, 2025 को जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों पर जोर देते हुए कहा, कि ह्यवह हम सबों के लिए बहुत बड़े धरोहर हैं। मैं उनसे मिलता रहता हूं। इशिबा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान किम के साथ उनकी बातचीत ने कोरियाई प्रायद्वीप पर युद्ध को रोक



दिया था। चाहे यह सच हो, या नहीं, ट्रम्प ने निश्चित रूप से अपने पूर्ववर्ती की तुलना में उत्तर कोरिया के साथ बेहतर व्यवहार किया। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सुंदर भाषण दिए, लेकिन पूर्वी एशिया के कई देशों, जिनमें अमेरिकी सहयोगी और साझेदार भी शामिल हैं, के सामने वे कमजोर नजर आए। आठ साल तक उन्होंने उत्तर कोरिया के बारे में कुछ नहीं किया, बल्कि बराक ने इसे रणनीतिक धैर्य की नीति कहा था।इसका फायदा उठाकर फ्योंगयांग ने अपने मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों को रफ्तार दे दी। ट्रम्प, किम जोंग उन से सीधा उलझने से बचते रहे। ट्रम्प ने किम से तीन बार मुलाकात की : 2018 में सिंगापुर में, 2019 में हनोई में, और 2019 में ही उत्तर और दक्षिण कोरिया को अलग करने वाले विसैन्यीकृत क्षेत्र में। फोटोऑप तक सीमित ये बैठकें, इसलिए विफल रहीं क्योंकि वे खराब तरीके से तैयार की गई थीं। इसमें परमाणु निरस्त्रीकरण का कोई ठोस लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था।

उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार, या मिसाइल कार्यक्रमों को वैसे भी नहीं छोड़ने वाला है। उत्तर कोरिया के हवाले से कुछ विशेषज्ञों का आकलन है कि ट्रंप अपने कूटनीतिक टूलबॉक्स से धूल झाड़ सकते हैं, और किम जोंग उन के साथ एक और शिखर सम्मेलन की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन किम, परमाणु राज्य का दर्जा पाने की महत्वाकांक्षा त्याग नहीं सकते। पिछले महीने नई ह्वासोंग-19 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के बाद, उत्तर कोरिया ने पुष्टि की, कि देश की परमाणु शक्ति को मजबूत करने की नीति कभी नहीं बदलेगी। 2023 में, उत्तर कोरिया ने परमाणु शक्ति को मजबूत करने की अपनी नीति को सुदृढ़ करने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया। उसने स्पष्ट कर दिया कि परमाणु संपन्न देश बनने की उसकी स्थिति अपरिवर्तनीय बनी हुई है।

पिछले महीने, नौ वर्षों में पहली बार, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के रक्षा प्रमुखों के बीच की सुरक्षा परामर्श बैठक के बाद जारी किए गए एक संयुक्त बयान में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण को साझा लक्ष्य के रूप में छोड़ दिया गया। यह एक संभावित संकेत है, कि उत्तर कोरिया का परमाणु निरस्त्रीकरण अब वास्तविक रूप से प्राप्त करने योग्य नहीं है। यदि किम, ट्रंप के साथ बैठते हैं, तो वे उत्तर कोरिया को परमाणु संपन्न देश के रूप में अमेरिका द्वारा मान्यता दिए जाने पर बातचीत करने का प्रयास करेंगे, तथा परमाणु निरस्त्रीकरण के बजाय परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए बाद में प्रदत रियायतें मांगेंगे, जो उनके पिछले शिखर सम्मेलनों के दौरान चर्चा में था। कोरिया विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकीकरण के लिए कन्वर्जेंस संस्थान के निदेशक नाम सुंग-वुक का कहना है, बदले में ट्रम्प इसकी गारंटी ले सकते हैं, कि अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंचने में सक्षम उत्तर कोरियाई मिसाइलों का मुंह किम घुमा दें।

सवाल यह है, ट्रम्प किम से इतना डरते क्यों हैं? क्या उसका मुंहफट होना ट्रम्प को डराता है, या कि सैन्य दुस्साहस? उत्तर कोरिया, 2022 से रूस-यूक्रेनी युद्ध में शामिल है, जब उसने स्वघोषित डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक को मान्यता देकर रूस का समर्थन किया था। उत्तर कोरिया ने रूस में अपने सैन्य कर्मियों को भेजा, जिन्होंने रूसी वर्दी में, और रूसी कमान के तहत रूस के लिए यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उत्तर कोरिया का हथियार उद्योग लहलहा रहा है। नवंबर, 2024 के मध्य तक, यूक्रेन के साथ संघर्ष में रूसी सशस्त्र बलों को मजबूत करने के लिए 50 उत्तर कोरिया निर्मित एम-1989 कोकसन स्व-चालित हॉवित्जर, और लगभग 20 एम-1991 शॉर्ट-रेंज मिसाइल सिस्टम रूस को दिए गए थे।

ट्रम्प अपने दूसरे कालखंड में तानाशाहों से उलझते-उलझते खुद भी डिक्टेटर की भूमिका में आते दिखने लगे हैं। उन्होंने जब यह कहा, कि डिक्टेटर पुतिन नहीं, जेलेन्स्की है, तब क्रेमलिन को अच्छा लगा था। ओवल ऑफिस में जो कुछ ट्रम्प-जेलेन्स्की के बीच हुआ, पुतिन उस दिन से सॉफ्ट हैं। लेकिन, क्या मालूम इस नूरा कुश्ती की पटकथा पहले से लिखी गई हो? यह सब देखते हुए, किम जोंग उन में भी रणनीतिक बदलाव की जरूरत आन पड़ी है। चीन, ट्रम्प के टैरिफ युद्ध से निपटने के वास्ते किसी भी स्तर पर जाने के लिए ताल ठोक रहा है, ऐसे में किम जोंग उन जैसा तानाशाह, शी चीन फिंग को चाहिए ही। पुतिन को अत्यधिक महत्व देने को लेकर शी और किम जोंग उन के बीच दूरियां लोगों ने महसूस की थी। अपरोक्ष रूप से अमेरिकन्स ने भी शी को इस मुद्दे पर समझाने की कोशिश की थी।

वर्ष 2018 से किम जोंग उन की विदेश यात्राओं पर गौर कीजिये, वह रूस, केवल एक बार गए हैं, और चीन चार बार। इससे अंदाजा लगा था, कि रिमोट कंट्रोल प्रेसिडेंट शी के पास है। लेकिन, 2023 -24 के दौरान पुतिन-किम शिखर बैठकों ने द्विपक्षीय सहयोग को नए स्तरों पर पहुंचा दिया। इन निराशाओं के बावजूद, चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है, जो कोयला और वस्त्र सहित उसके 90 प्रतिशत निर्यात को खरीदता है। शी की मैच्योर कूटनीति है कि उन्होंने रूस और उत्तर कोरिया के साथ अपने संबंधों को तल्ख नहीं होने दिया। ट्रम्प के टैरिफ वॉर के बाद, इन संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है!

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 8 मार्च

# नारी है स्नेह का स्रोत और मांगल्य का महामंदिर

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उनके हक की लड़ाई की कहानी बयां करता है। इस वर्ष की थीम ह्यएक्सीलरेट एक्शनह्व यानी कार्रवाई में तेजी लाना और ह्यतेजी से कार्य करनाह्व रखी है। यह थीम हमें बताती है कि महिलाओं को अपने ऊपर बहुत मेहनत और तेजी से काम करने की जरूरत हैं। यह लोगों, सरकारों और संगठनों को महिलाओं के उत्थान, समान अवसर प्रदान करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। इस दिवस का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण, समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और राजनीति में उनके योगदान को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और अवसरों की वकालत करता है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का है।

नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। दिल्ली एवं पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हो या केन्द्र में वित्तमंत्री, खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। बीसवीं सदी की शुरूआत में महिलाओं ने अपने अधिकारों और बेहतर कार्य स्थितियों की मांग शुरू की थी। 1908 में न्यूयॉर्क में पन्द्रह हजार महिलाओं ने उचित वेतन और मतदान अधिकारों की मांग करते हुए मार्च निकाला। 1909 में अमेरिका ने पहली बार ह्यराष्ट्रीय महिला दिवसह्व मनाया। 1910 में, जर्मन कार्यकर्ता क्लारा जेटकिन ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बनाने का सुझाव दिया। 1911 में कई देशों में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में, रूस की महिलाओं ने हड़ताल कर बेहतर परिस्थितियों की मांग की, जिससे 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता मिली। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 में इसे औपचारिक रूप से मान्यता दी, जिससे यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन बन गया। यह दिवस केवल जश्न का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी दिन है। यह हमें याद दिलाता है कि जब तक लैंगिक समानता पूरी तरह हासिल नहीं होती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से



उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर यह दिवस एक सार्थक वातावरण का निर्माण करने की आवश्यकता को व्यक्त करता है। जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। उसे अपने परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है?

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाएं मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-ह्यआँचल में है दूधह्व को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें। एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें। यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे भोग की वस्तु समझकर आदमी अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है। इसके अलावा अंग्रेजी शासनकाल में भी रानी लक्ष्मीबाई, चाँद बीबी आदि नारियाँ जिन्होंने अपनी सभी परंपराओं आदि से ऊपर उठ कर इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ साथ देखा गया की देश पर अनेक आक्रमणों के पश्चात भारतीय नारी की दशा में भी परिवर्तन आने लगे। अंग्रेजी और मुस्लिम शासनकाल के आते-आते भारतीय नारी की दशा अत्यंत चिंतनीय हो गई।

# बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। बरसाना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। आगे कहा कि महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। इसकी सफलता के लिए सनातनियों का आभार जताया। भारत के तीन तीर्थ में काशी उत्तर प्रदेश में है। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, वह महाकुंभ में देखने को मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। बरसाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

# गोवर्धन में अनियमितता मिलने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो





मथुरा। गोवर्धन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सीह के प्रधानाध्यापक रमनलाल को बीएसए सुनील दत्त ने खंड शिक्षाधिकारी की संस्तुति पर निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बीईओ के निरीक्षण में पाया गया था कि विद्यालय का पानी का टैंक टूटा होने के कारण शौचालय और पानी पीने की टंकी में पानी नहीं आ रहा था। इसके अलावा प्रधानाध्यापक द्वारा कई वर्षों से मरम्मत कार्य भी नहीं कराया गया। कंपोजिट धनराशि का सदुपयोग नहीं किया गया। विद्यालय की कृषि योग्य भूमि की कई वर्षों से प्रति वर्ष नीलामी से 50 हजार रुपये की धनराशि आ रही थी उसका भी ब्योरा नहीं दिया जा रहा था। नोटिस के बाद भी स्पष्टीकरण नहीं देने पर उन्हें निलंबित किया गया है। मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है।

# अब 10 मार्च तक भरे जाएंगे रविवि के प्राइवेट परीक्षा फार्म

एनपीटी ब्यूरो



बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के प्राइवेट परीक्षा फार्म भरने की तिथि पांच दिन बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 10 मार्च तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 की स्नातक के बीए और बीकॉम प्रथम वर्ष के सिर्फ अनुत्तीर्ण, छूटी हुई परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए, द्वितीय और तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर के एमए और एमकॉम के प्रथम वर्ष के सिर्फ अनुत्तीर्ण और छूटी हुई परीक्षा और द्वितीय वर्ष के प्राइवेट फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च थी। छात्रहित में इसे बढ़ा दिया गया है। अब विद्यार्थियों को 10 मार्च तक फार्म भरने होंगे और 11 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। महाविद्यालयों को 11 मार्च तक ही ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

**बीएएमएस के परीक्षा फार्म भी 10 तक भरे जाएंगे**

विश्वविद्यालय ने बीएएमएस के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष, बीडीएस चतुर्थ वर्ष की पूरक परीक्षा और एमडी आयुर्वेद की मुख्य परीक्षा के फार्म अब 10 मार्च तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म 11 मार्च तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को इसी दिन तक ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

# शाहबाद रामपुर मार्ग पर डंपर ने गोवंश को मारी टक्कर

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। शुक्रवार को शाहबाद- रामपुर स्टेट हाइवे स्थित किसान धर्म कांटे के पास डंपर की टक्कर से गोवंश की मौत हो गई। डंपर चालक गोवंश को कुचलता हुआ गाड़ी भागकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों में से किसी ने इसकी सूचना गौ रक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मनोज कुमार को दी गई। मनोज कुमार अपनी टीम के साथ शाहबाद थाने पहुंच गए और डंपर चालक के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर योगेंद्र सिरोही, दीपक यादव, विकास कुमार, अजय यादव साथ रहे। उधर मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जमीन से कब्जा छोड़ने के लिए मांग रहे 20 लाख रुपये





नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। जैंत थाना क्षेत्र के छटीकरा निवासी महिला ने मुख्यमंत्री से कालिंदी कुंज फेस-2 में अपनी जमीन को दबंगों के कब्जा मुक्त करने की गुहार लगाई है। साथ ही 15 दिन में न्याय न मिलने पर डीएम कार्यालय पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।छटीकरा निवासी मिथलेश ने बताया कि उन्होंने कालिंदी कुंज में जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। जमीन को कब्जा मुक्त करने की एवज में 20 लाख रुपये की मांग की जा रही है। दबंगों की शिकायत करने के लिए वह कई बार थाने के चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। बताया कि जब उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत की तो थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियों को गुमराह कर झूठी रिपोर्ट भेज दी। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह जिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करेंगी।

# संकेत 2025: एस. डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने २ दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का उत्साह और जोश के साथ शुभारंभ किया







नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

संकेत 2025 के उद्घाटन समारोह की शुरूआत एस. डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आई.जी.), रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, उपनिदेशक एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. दीपा कंवर भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में सभी प्रमुख, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कला, संगीत और संस्कृति के इस भव्य उत्सव में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं - गलगोटिया यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, आईटीएस, आईएमएस, एकेजी, काईट , आरकेजीआईटी, आईएएमआर, आईएमआर, शहीद राजगुरु (डीयू), पीजीडीएवी, एमएआईएमएस, मोतीलाल नेहरू (डीयू), एसपीएमसी (डीयू), बीबीडीआईटी, एबीईएस, एडीजीआईपीएस, मैत्रेयी कॉलेज (डीयू), देशबंधु कॉलेज (डीयू), श्याम लाल कॉलेज (डीयू), हाई-टेक कॉलेज, एचएलएम, राजधानी कॉलेज (डीयू), महाराजा अग्रसेन (डीयू)। प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया, जिनमें शामिल थे कलाकृति डांस मैनिया सा रे गा मा पा (सिंगिंग प्रतियोगिता) नुक्कड़ नाटक रैप बैटल कार्यक्रम का सफल समन्वय सांस्कृतिक समिति एवं अनुशासन समिति के सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। संकेत 2025 का दूसरा दिन (8 मार्च) और भी रोमांचक होने वाला है, जिसमें सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक शानदार फैशन शो और सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन किया जाएगा।

# होली के त्योहार पर मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा.

एनपीटी ब्यूरो.

बरेली। त्यौहार पर खाने-पीने की चीजों में मिलावट की घटनाएं तेज हो जाती हैं। होली का त्यौहार नजदीक आ चुका है और मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। इसी के चलते खाद्य एवं पेय पदार्थो के बिक्री पर रोकथाम के उदेदश्य से गुरूवार को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय अक्षय गोयल एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बरेली के नेतृत्व मे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के गठित दल ने जनपद मे विभिन्न स्थानों से कुल 19 सैम्पल भरे तथा 42 किलो अनुमानित मूल्य जब्त कर नष्ट कराया गया तथा कई पीपे राइस ब्रान ऑयल, मस्टर्ड ऑयल तथा रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, जब्त कर सीज किया गया।

सुभाषनगर स्थित मै0 गुप्ता जी मिल्क प्रोडक्ट से खोया, मिश्रित दूध, पनीर के चार सैम्पल भरे गए तथा बिना लाईसेंस के खाद्य कारोबार करने पर प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक के लिए बन्द करा दिया गया है। वहीं आंवला में मै0 ओम ट्रेडर्स से राइस ब्रान ऑयल का एक सैम्पल तथा 108 टिन (1618 ली0) राइस ब्रान ऑयल व मस्टर्ड ऑयल का एक सैम्पल तथा 741.5 कि0ग्रा0 मस्टर्ड ऑयल तथा रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का एक नमूना व 206 लीटर रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल जब्त कर सीज किया गया। मै0 अंसार किराना स्टोर, भऊआ बाजार से खाद्य पदार्थ ब्लेण्डिड एडिबिल वेजीटेबिल ऑयल, कॉन्टीनेन्टल सॉस एवं बेसन का एक-एक सैम्पल कुल 03 नमूनें इकट्ठे किये गये। वहीं मै. नदीम किराना स्टोर, भऊआ बाजार से मस्टर्ड ऑयल एवं बेसन प्रत्येक का एक-एक नमूना, मै0 हरपाल खोया विक्रेता, खोवा मण्डी, फरीदपुर से खोया का एक नमूना तथा 42 किलोग्राम खोया, जब्त कर नष्ट कराया गया। मै0 जसवन्त महतिया

स्टोर, बुखारा रोड से वनस्पति एवं साबुदाना के सैम्पल लिये गये मै. श्री प्रियाजी एग्रो ऑयल ट्रान्सपोर्ट नगर से रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल बृजधारा ब्राण्ड का एक-एक सैम्पल, आसिफ के प्रतिष्ठान से सरसों के तेल का एक सैम्पल, मै0 सुजात स्वीट्स हाउस, धारूपुर ठाकुर से बेसन का एक सैम्पल एकत्रित किए गए। सभी

सैम्पल इकट्ठे कर जॉच के लिए लैब को भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। अधिकारियों के मुताबिक मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# फूलों की खुशबू से महकी बरेली में रामायण वाटिका

## थ्रीडी चित्रों में रामकथा का वर्णन भी आकर्षन का केंद्र

एनपीटी ब्यूरो





बरेली। बीडीए द्वारा लोगों के लिए रामायण वाटिका के रूप में एक नया रमणीक स्थल विकसित हो गया है। यहां चौतरफा रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू है तो थ्रीडी चित्रों में रामकथा का वर्णन भी आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर रामकथा के वृतांत देखे जा सकते हैं। यहां पहुंचने वालों को भगवान श्रीराम के साथ ही भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप भी दिखेंगे। इसके अलावा जंगल का दृश्य भी दिखेगा और विभिन्न प्रजातियों की चिड़ियों की चहचहाहट भी सुनने को मिलेगी। फूलों की महक के बीच प्रकृति का सुंदर नजारा भी यहां दिख जाएगा।

रामायण वाटिका में गुलाब, गेंदा समेत तमाम स्थानीय प्रजातियों के फूलों के संग हॉलैंड के ट्यूलिप के फूल और दक्षिण भारत से लाए गए गोआब, वाकली, पाडल और मृत संजीवनी के पौधे भी अपनी महक बिखेर रहे हैं।

बीडीए के अधिकारियों ने विगत दिवस यहां की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को जिले के विधायकों ने पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। पहले दिन प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

# कनिष्ठ सहायक भर्ती की टाइपिंग टेस्ट का परिणाम जारी , डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 3 अप्रैल से

लखनऊ। यूपी में कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा में 4613 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग व उद्योग विभाग के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक के 1262 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को टाइपिंग टेस्ट का परिणाम जारी कर दिया गया है। सफल 4613 अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन तीन अप्रैल से आयोजित किया जाएगा। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए विस्तृत कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा।

# सतोहा में फायरिंग करने वाले दो युवक गिरफ्तार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र स्थित गांव सतोहा में रविवार की तड़के फायरिंग कर गांव में अफरा-तफरी मचा दी थी। पुलिस ने बुधवार की रात को दो नामजदों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा-कारतूस बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि बुधवार को गांव कुम्भेरिया के प्राथमिक स्कूल के पास से नामजद अभियुक्त गांव बोहरा निवासी बंटी और जयदेव को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर रविवार की तड़के गीतम सिंह के घर के बाहर 16-17 राउंड फायर किए थे। इस मामले में गीतम सिंह ने रविवार को बंटी, जयदेव, करन सिंह, अमन, अनुज समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से सभी की पहचान कर ली। पुलिस अन्य नामजदों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने में जुटी हुई है। सभी अभियुक्त अपने घरों से भागे हुए हैं। परिजन से उनकी रिश्तेदारी की जानकारी करके वहां भी दबिश दी जा रही है।

# अनूठे रंग में सराबोर होगी वृंदावन की होली, विधवाएं बनाएंगी रिकॉर्ड

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। व्रन्दावन में उल्लास-उमंग और रंगों का पर्व होली इस बार वृंदावन में एक अलग आभा मे सराबोर दिखेगा। मथुरा-वृंदावन की होली तो वैसे भी जगत प्रसिद्ध है, मगर इस बार यहां की होली केवल आनंद ही नहीं सामाजिक सौहार्द्र, सांस्कृतिक समरसता तथा सामाजिक परिवर्तन के सम्मानित क्षण बनकर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने जा रही है। योगी सरकार के प्रयासों से यहां 2000 से अधिक विधवाएं एक साथ होली खेलकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस क्रम में, वृंदावन के सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग होली पर ह्यविधवाओं की होली-2025ह्न के तौर पर एक यूनीक इवेंट का आयोजन कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में प्रयास करेगी। ऐसे में, इस बार होली का त्योहार न केवल विधवाओं की बेरंग जिंदगी में खुशियों का रंग घोलने का माध्यम बनेगा बल्कि इतिहास व विश्व रिकॉर्ड में दर्ज होने के साथ ही समाज में सशक्त संदेश देने का माध्यम भी बनेगा।

वर्ष 2025 में योगी सरकार ने सामाजिक कल्याण संगठनों के सहयोग से 2000 से अधिक विधवाओं के साथ सबसे बड़े होली समारोह का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करने जा रही है जो सांस्कृतिक पुनरुत्थान और सामाजिक सद्भाव में एक मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग वृंदावन में भव्य विधवाओं की होली-2025 कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश की समावेशिता व सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित किया जाएगा।

# जल शक्ति मंत्री ने किया जीर्णोद्धार व विकास कार्यों का लोकार्पण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन परिसर में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यों एवं सिंचाई विभाग के कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया।



कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित करके गरीब एवं असहाय लोगों को लाभ दिलाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और बहने घर से बाहर निकल कर अपने पैरों पर खड़ी होकर बिजनेस कर रही हैं। भाजपा सरकार में प्रयागराज के दिव्य एवं भव्य कुंभ पर 65 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया है। लोग रात दिन सड़कों पर चलते रहे किसी भी तरह की आपराधिक घटनाएं उनके साथ नहीं हुई। चित्रकूट में बाहर से आए हुए तीर्थ यात्रियों का आप सभी लोग सम्मान अवश्य करें। यहां आने वाले किसी भी बाहरी पर्यटक को समस्या नहीं होनी चाहिए। आने वाले समय में चित्रकूट पर्यटन की दृष्टि से आसमान को छूएगा। कहा कि चित्रकूट में बांधों पर स्लोप, सीढ़ी आदि के पुनर्निर्माण के विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। मंत्री ने लघु सिंचाई विभाग व सिंचाई विभाग द्वारा 10.03 करोड रुपए की लागत के जीर्णोद्धार कार्यों व विकास कार्यों का लोकार्पण किया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो बरसात के समय पहाड़ों से बहकर आने वाले पानी को संरक्षित करने के लिए निरीक्षण कर प्रोजेक्ट बनाते हुए इस पर कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने मंत्री से रामपुर के पास बांध से होकर रामपुर गांव को जाने के लिए रास्ता न होने पर चैक डैम बनवाने की मांग की।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा नेता आनंद प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड शिवेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड एसके प्रसाद, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारतीय, सहायक अभियंता रूपेश पाण्डेय, गुरु प्रसाद, फूल सिंह, भीषम सिंह, जूनियर इंजीनियर गिरीश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग की टीम ने अभियान चलाकर भरे नमूने

चित्रकूट ब्यूरोः होली के त्यौहार को देखते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के सख्त निर्देश पर खाद्य विभाग ने नगर क्षेत्र के खोया मंडी में छापा मारा। जिसमें दर्जनों मिलावट खोर अपना खोया छोड़कर भाग गए। खाद्य विभाग की टीम ने खोया के नमूने कब्जे में लेकर लखनऊ स्थित प्रयोगशाला में भेजा है।

खाद्य एवं अभिहित अधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार होली के त्यौहार पर लोगों को शुद्ध और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य विभाग की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर खोया मंडियों, होटलों, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों आदि से नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। उन्होंने बताया कि आने वाले नवरात्रि और ईद के त्यौहार के दृष्टिगत लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान बराबर चलता रहेगा। बताया कि अभियान के दौरान मिठाई की दुकानों में खोया के अलावा अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।



अभियान चलाने वाली टीम में मुख्य खाद्य निरीक्षक पंकज सिंह, खाद्य निरीक्षक प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद सोनकर आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक विधायक ने की चित्रकूट में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना की मांग

चित्रकूट ब्यूरोः विधान परिषद सदस्य डॉ बाबूलाल तिवारी ने चित्रकूट जिले में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना कराए जाने की मांग की है। इस मामले को उन्होंने सदन में उठाया है। प्रयागराज-झांसी खंड के शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने सदन में कार्यवाही के दौरान चित्रकूट जिले में बालिकाओं को सुलभ शिक्षा के लिए नवीन राजकीय महाविद्यालय स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनपद चित्रकूट में राजकीय महिला महाविद्यालय न होने के कारण छात्राओं की शिक्षा बाधित होती है। बुंदेलखंड क्षेत्र का चित्रकूट जनपद अत्यंत पिछडा है। इस क्षेत्र में चल रहे सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रवेश की समस्या रहती है। इसके चलते क्षेत्र की छात्राओं को अध्यापन कार्य के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बालिकाओं को दूर-दराज क्षेत्रों में शिक्षण कार्य के लिए भेजने से बचते है। इसके चलते बालिकाएं उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाती है। ऐसे में नवीन राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में रहने वाली हजारों छात्राओं को लाभ प्राप्त होगा। यह जानकारी शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अभिषेक ओझा ने दी है।

### 11 को होगा सामूहिक विवाह

चित्रकूटः जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आगामी 11 मार्च को रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पात्र जोड़ों का चयन करते हुए लाभार्थियों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वचालित संदेश प्रेषित किया जा रहा है। कहा कि समस्त वैवाहिक जोड़े विवाह कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अपने परिजनों के साथ 11 मार्च को पूर्वाह्न 08 बजे रामायण मेला परिसर सीतापुर में उपस्थिति दर्ज कराएं।

### तीन दिन तक बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

चित्रकूटः जनपद चित्रकूट के बरगढ़ ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत डब्ल्यूटीपी एवं इंटेक वेल की मरम्मत का कार्य वर्तमान समय में चल रहा है। जिसके चलते बरगढ़ ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत 38 ग्रामों में शनिवार से तीन दिन के लिए जलापूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता आशीष भारतीय ने दी है।

### एचआईवी एक्ट पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी की अध्यक्षता में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सकों व पैरामेडिकल कर्मियों के लिए एचआईवी एक्ट अधिनियम 2017 एवं यूनीवर्सल प्रिकाशन पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।ार्यशाला में सहायक लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल योगेन्द्र सिंह ने बताया कि एचआईवी एक्ट के प्राविधानो में एचआईवी ग्रसित लोगो को समान संरक्षा, सुरक्षा एवं अधिकार प्राप्त है। इस एक्ट का उद्देश्य एचआईवी एवं एड्स से लोगो का बचाव एवं इसके विस्तार को रोकना है। इस एक्ट के अन्तर्गत एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को बिना भेदभाव के आवश्यक उपचार सेवाएं प्रदान करने एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारो को भी संरक्षित करने तथा इससे जुडी शिकायतों के निवारण के लिए समस्त मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ को एचआईवी एड्स अधिनियम 2017 में निर्दिष्ट प्राविधानों एवं यूनीवर्सल प्रिकासन के लिए संवेदीकृत किया जाता है। बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण अन्य बिमारियों से ग्रसित होने की सम्भावना बनी रहती है, जिसका उपचार विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रो में कार्यरत चिकित्सा कर्मियो द्वारा किया जाता है। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ अरूण कुमार पटेल ने एड्स रोग के बचाव एवं फैलाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला कार्यकम प्रबन्धक बृजेन्द्र कुमार ने बताया गया कि इस सम्बन्ध में हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर मुन्नालाल प्रजापति सहित सम्बन्धित अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# विद्युत सखी बनकर गांव में ही कर रहीं शहर जैसी कमाई

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

ललितपुर। सरकार की पहल रंग लाई और बिजली विभाग ने गांव-गांव में घर और गलियां रोशन कर दीं। लेकिन बिजली बिल के संकलन और मीटर रीडिंग के लिए विभाग के पास न तो पर्याप्त संशाधन थे ने कर्मचारी। ऐसे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विद्युत सखी बनकर इस काम का बीड़ा उठाया और इसे अपने रोजगार का जरिया बना लिया। वे अब तक 80 लाख से अधिक के बिजली बिल का संकलन कर चुकी हैं।

विद्युत सखियों ने बिजली विभाग के साथ मिलकर बिजली बिल संयोजन का काम कर अपने गांव में ही आजीविका का साधन खोज निकाला है। बिजली विभाग के पास इस काम के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे। इस कमी को दूर करने के लिए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने मिलकर नवाचार किया है।

जिला मिशन प्रबंधक विद्यासागर द्विवेदी ने बताया कि बिजली बिल का संकलन करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन आजीविका मिशन की महिलाओं ने इस काम को एक चुनौती के रूप में लिया और दक्ष विद्युत सखी बनकर दिखाया। विद्युत विभाग के पैमाने पर खरी उतरकर यह साबित कर दिया कि काई भी काम असंभव नहीं।

विकास खंड बिरधा की जमुना देवी, ज्योति कुशवाहा, क्रांति, संगीता, मिथलेश, कमलेश एवं विकास खंड महरौनी से मीरा, लक्ष्मी एवं भारती जैसी अनेक महिलाओं ने घर-घर जाकर एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) में 80 लाख रुपये के बिजली बिल का संकलन किया। विद्युत विभाग ने अब उन्हें मीटर रीडिंग का दायित्व भी दे दिया है। इससे समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन के अवसर मिलेंगे।

विकास खंड बिरधा के सामान्य परिवार की ज्योति कुशवाहा शिक्षित होकर भी बेरोजगारी से अपना जीवन बिता रही थीं। जरूरत थी एक अवसर की जो समूह से जुड़कर प्राप्त हुआ। समूह के माध्यम से जुड़कर विद्युत सखी का कार्य किया जिसमें अपने सपने को उड़ान दी। आज ज्योति बिजली बिल संकलन एवं मीटर रीडिंग से 10000-12000 रुपये प्रतिमाह कमा रही हैं।

विकास खंड बिरधा के ग्राम डोंगराखुर्द की जमुना देवी शिक्षित होने के बावजूद इंदौर जाकर मजदूरी कर रही थीं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर विद्युत सखी का काम करने लगीं। वह अब बिजली बिल संकलन एवं मीटर रीडिंग से 15000-18000 रुपये प्रतिमाह कमा रही हैं।

# बिजली कटौती से किसान सिंचाई के लिए परेशान

पाली। पाली तहसील क्षेत्र में बिजली कटौती से किसान खेत में खड़ी फसल की सिंचाई के लिए परेशान हैं। उनका कहना है कि 24 घंटे में 10 से 15 घंटे लगातार आपूर्ति मिल जाए तो खेत में ट्यूबवेल से पानी दे सकते हैं।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बंगरिया,वेटना डोंगरा कलां, बरौदिया राईन, मामदा, पथराई सहित दर्जनों गांवों में बिजली संकट बना हुआ है। किसानों का कहना है कि 24 घंटे में मात्र 7-8 घंटे ही सप्लाई मिल रही है। जिसके कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली की कमी से सिंचाई और अन्य कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे उनकी फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

बिजली पर्याप्त समय नहीं मिलने से ट्यूबवेल नहीं चल पा रहा, जिससे गेहूं की फसल सूखने की चिंता सताने लगी है।-प्राण सिंह

बिजली नहीं मिलने से फसल को समय से पानी नहीं लग पा रहा है। अधिकारी 15 घंटे लगातार सप्लाई दे।-रोहित

बिजली समय पर नहीं आने से फसलों को पानी नहीं मिल पा रहा है। अधिकारी बिजली का कोई समय निर्धारित कराएं।-जितेंद्र सिंह चौहान

तहसील क्षेत्र में 10 घंटे बिजली आपूर्ति देने की कोशिश कर रहे हैं। कई फीडर ओवरलोड होने की वजह से कुछ समस्या आ रही है। -सूरजभान सिंह, एसडीओ

## विद्युत सखी बनकर गांव में ही कर रहीं शहर जैसी कमाई

ललितपुर। सरकार की पहल रंग लाई और बिजली विभाग ने गांव-गांव में घर और गलियां रोशन कर दीं। लेकिन बिजली बिल के संकलन और मीटर रीडिंग के लिए विभाग के पास न तो पर्याप्त संशाधन थे ने कर्मचारी। ऐसे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विद्युत सखी बनकर इस काम का बीड़ा उठाया और इसे अपने रोजगार का जरिया बना लिया। वे अब तक 80 लाख से अधिक के बिजली बिल का संकलन कर चुकी हैं। विद्युत सखियों ने बिजली विभाग के साथ मिलकर बिजली बिल संयोजन का काम कर अपने गांव में ही आजीविका का साधन खोज निकाला है। बिजली विभाग के पास इस काम के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे। इस कमी को दूर करने के लिए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने मिलकर नवाचार किया है। जिला मिशन प्रबंधक विद्यासागर द्विवेदी ने बताया कि बिजली बिल का संकलन करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन आजीविका मिशन की महिलाओं ने इस काम को एक चुनौती के रूप में लिया और दक्ष विद्युत सखी बनकर दिखाया। विद्युत विभाग के पैमाने पर खरी उतरकर यह साबित कर दिया कि काई भी काम असंभव नहीं। विकास खंड बिरधा की जमुना देवी, ज्योति कुशवाहा, क्रांति, संगीता, मिथलेश, कमलेश एवं विकास खंड महरौनी से मीरा, लक्ष्मी एवं भारती जैसी अनेक महिलाओं ने घर-घर जाकर एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) में 80 लाख रुपये के बिजली बिल का संकलन किया। विद्युत विभाग ने अब उन्हें मीटर रीडिंग का दायित्व भी दे दिया है।

# मिनी बस बना टेंपोः दो-चार नहीं बैठी मिली पूरी 22 सवारियां, गिनती करते ही ट्रैफिक पुलिस के उड़े होश

ललितपुर। प्रभारी यातायात आलोक तिवारी ने बताया कि ओवर लोडिंग और यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में टेंपो चालक को पकड़ा गया था। जिसका चालान किया गया। साथ ही सख्त हिदायत भी दी गई।



वाहन चेकिंग के दौरान एक टेंपो को देखकर यातायात पुलिस भी हैरान हो गई। टेंपो में दो-चार नहीं पूरी 22 सवारियां बैठी थी। जिसमें तीन बच्चे भी शामिल थे। ट्रैफिक पुलिस ने टेंपो का चालान काटा। टेंपो का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कोतवाली अंतर्गत सिलगन रेलवे फाटक के पास प्रभारी यातायात आलोक तिवारी वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी सवारियों से भरा एक टेंपो आया। पुलिस ने रोकने को कहा। जब उसके अंदर बैठी सवारियों को एक-एक करके पुलिस ने नीचे उतारा और गिनती की तो वहां मौजूद यातायात प्रभारी सहित सभी हैरत में पड़ गए।

उक्त टैक्सी में तीन बच्चों सही कुल 22 सवारियां बेटी पाई गई। कोई यह अंदाजा भी नहीं लग सकता कि ऑटो में इतने लोग बैठ सकते हैं। बता दें कि अकेले चालक की सीट पर चालक के साथ चार सवारी बेटी थी। बाकी की सवारी पीछे और बीच की सीट पर बैठी थी। टैक्सी के पीछे भी सवारियां लटकी थी।

टेंपो इलाइट चौराहा की ओर से सिलगन की ओर जा रही टी। प्रभारी यातायात ने गांधीगिरी करते हुए विनम्र तरीके से टेंपो चालक को समझाया और अपने साथ दूसरों के जीवन से इस तरह का खिलवाड़ दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ मे टेंपो का चालान काटा। टेंपो में 22 सवारियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्रभारी यातायात आलोक तिवारी ने बताया कि ओवर लोडिंग और यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में टेंपो चालक को पकड़ा गया था। जिसका चालान किया गया। साथ ही सख्त हिदायत भी दी गई।

# धर्म नगरी में खुला जिले का पहला हेल्थ केयर मॉल

## एसपी अरुण कुमार सिंह ने किया टास्कर हेल्थ केयर मॉल का उद्घाटन

चित्रकूट ब्यूरोः जिस प्रकार से आमजनों को एक ही छत के नीचे कपड़े, खाने-पीने एवं पढ़ने की चीजें बड़ी आसानी से मिल जाएं, इसके लिए शॉपिंग मॉल खुले हुए हैं। इसी प्रकार उनके स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखकर भारत की अग्रणी हेल्थकेयर कंपनी टास्कर ने धर्म नगरी में पहला हेल्थकेयर मॉल खोला है। जिसका पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने पूजन कर फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लोगों को जिले में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित दवाईयां एवं चिकित्सा की जनसुविधा मिलना खुशी की बात है।यह कंपनी देश के प्रमुख जगहों पर हेल्थ केयर मॉल खोलकर कीर्तिमान हासिल किया है, जिससे आमजनों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें खुशी हो रही है कि यह मॉल, जो मरीजों को व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा।

मॉल के प्रबंधक राकेश कुमार जैन ने बताया कि यह कंपनी देश के 20 से अधिक राज्यों में सेवा दे रही है। यह हेल्थ केयर मॉल 24 घंटे सेवा देगी। मॉल के केयर टेकर शोभित जैन व मोहित जैन ने बताया कि दवाओं की खरीद में जहां छूट मिलेगी, वहीं चिकित्सा परामर्श, पैथोलॉजिस्ट, नेत्रपरीक्षण, डॉक्टर की भी सुविधा है। साथ ही मॉल में सर्जिकल किट, आयुर्वेदिक दवाएं, बच्चों का सामान, कॉस्मेटिक का सामान आदि उपलब्ध रहेगा। एप के माध्यम से भी लोगों को आधे घंटे में दवाओं की होम डिलीवरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाना है।



अब जिले में पहला हेल्थकेयर मॉल खुल गया है, जहां एक छत के नीचे सभी दवाएं, सर्जिकल उत्पाद और डॉक्टर उपलब्ध मिलेंगे। लोग समय और पैसा खर्च करने का तरीका चुनते समय सुविधा, गुणवत्ता और पारदर्शिता की अपेक्षा करते हैं और तेजी से वे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से भी यही चाहते हैं।

कंपनी के सीईओ प्रसून पाल ने कहा कि खुदरा स्वास्थ्य लाखों उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, सुविधाजनक देखभाल प्रदान करने के साधन के साथ-साथ नए और मौजूदा रोगी आबादी को सेवाएं प्रदान करते समय विचार करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। हम खुदरा स्वास्थ्य और खुदरा चिकित्सा के युग में प्रवेश कर रहे हैं,जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को, मरीजों को ग्राहक जागरूकता, मित्रता और गुणवत्ता की धारणा जैसे लाभ प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला उपाध्यक्ष हरि ओम करवरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, हेमराज सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, जीएसटी के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पायनियर्स क्लब अध्यक्ष केशव शिवहरे, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, धीरेन्द्र शुक्ला, सुरेश जैन, योगेश जैन, देवेश जैन, नरेश जैन, विनोद जैन, किरण जैन, सपना जैन, वन्या जैन, अल्पसंख्यक कल्याण मंच के अध्यक्ष डॉक्टर अफसर उल्ला खान, राहुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, धर्मचंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## छात्र नेता स्वर्गीय महेंद्र मीणा को दी श्रद्धांजलि

# मत्स्य भगवान मंदिर में वाटर कूलर का लोकार्पण

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 7 मार्च।ग्रामीण छात्र संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर ग्रामीण छात्र संगठन की ओर से शुक्रवार सांय अखिल भारतीय मीणा समाज मंदिर पर महेंद्र मीणा की स्मृति में वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया।और श्रदांजलि सभा मे श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।मत्स्य भगवान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा लाडपुर ,पीसीसी महासचिव शिव प्रसाद मीणा , मीणा समाज पुर्व अध्यक्ष मनोज मीणा , राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,शारीरिक शिक्षक रामसहाय मीणा व कैलाश मीणा ने वाटर कूलर का फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर पूर्व सरपंच शांतिलाल मीणा , ग्रामीण छात्र संगठन जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा,पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मीणा,मीणा



समाज के जिला महासचिव रामस्वरूप मीणा,एडवोकेट देवराज मीणा,मंडल अध्यक्ष राकेश मीणा आमली ,चेतन शर्मा ,लेखराज मीणा ,विनोद मीणा , नीरज मीणा ,सुरेश मेहरामपुरा , आशु मीणा , परमानन्द मीणा,विकास मोरजाल,धर्मराज मीणा ,धोलुलाल मीणा, राज मीणा,अनिकेत मीणा ,अनिल नंदपुरा,राजू मीणा,उदय मीणा, अशोक मीणा ,गोपाल मीणा , रामस्वरूप मीणा,देवराज मीणा , अजय भारतीय,आजाद मीणा, दीपक मीणा , सत्तू मीणा , मनीष मीणा , प्रदीप मीणा ,मनोज कजुर्ना ,सुरेश कंवरपुरा ,दिनेश मेहरामपुरा आदि उपस्थित रहे।

**महेंद्र मीणा के व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करे**

मत्स्य भगवान मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा लाड़पुर ने कहा कि महेंद्र मीणा सबकी मदद के लिए तैयार रहते थे और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिये। पीसीसी महासचिव शिवप्रसाद मीणा ने कहा कि महेंद्र मीणा सभी को जोड़कर रखते थे।राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि महेंद्र मीणा लोकप्रिय छात्र नेता थे। मीणा समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मीणा ने कहा कि उन्हें महेंद्र मीणा सदैव अपने छोटे भाई के रूप में याद आते रहेंगे। ग्रामीण छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**वृद्धाश्रम में फल वितरित किये**

इससे पूर्व ग्रामीण छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश मीना और पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश मीणा के नेतृत्व में नैनवा रोड पर गोवंश को हरा चारा डाला गया और वृद्ध आश्रम में फल वितरित किये।

# चंवरा का सोनी परिवार लगता है खाटू श्याम पद यात्रियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जेपी महरानियां चंवरा झुंझुनूं। इस समय खाटू श्याम बाबा का लक्खी मेला परवान पर है। देश के कोने-कोने से सड़कों पर पद यात्रियों का जत्था बाबा श्याम का निशान लेकर खाटू के लिए रवाना हो चुका है। कुछ सेवाभावी लोगों द्वारा पद यात्रियों के लिए जगह-जगह निशुल्क भंडारे और आराम के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। ऐसे ही चंवरा के पुरुषोत्तम लाल सोनी परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पद यात्रियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में सेवाभावी नर्सिंग ऑफिसर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नर्सिंग ऑफिसर कुलदीप सिंह चोपदार तथा चौथमल सैनी सीएचसी उदयपुरवाटी ने बताया कि शिविर में दावाओ के साथ-साथ एक्यूप्रेशर मशीनों द्वारा पद यात्रियों का चिकित्सा उपचार किया जा रहा है। एक्यूप्रेशर पद्धति से पद यात्रियों को दर्द तथा सूजन आदि में आराम मिलता है। नवल सोनी ने बताया कि हम पूरे परिवार सहित पिछले 13 वर्षों से हर वर्ष श्याम दरबार पद यात्रियों के लिए शिविर लगाकर सेवाएं देते हैं तथा दवाओं और एक्यूप्रेशर मशीनों का खर्च भी हमारे परिवार द्वारा ही उठाया जाता है। गुरुवार को पूरे दिन केड में शिविर लगाया गया। शुक्रवार को गुढ़ागौड़जी में शिविर लगाया गया।

# राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ बूंदी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सोपा



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! राजस्थान पंचायत शिक्षा विद्यालय सहायक संघ बूंदी द्वारा प्रदेश स्तरीय आहान के अंतर्गत मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर बूंदी को सोपा

!संगठन के महासचिव वरुण शर्मा ने बताया कि जिले के पंचायत शिक्षक और विद्यालय सहायक रेड क्रॉस सोसाइटी बूंदी पर एकत्रित हुए!

जिलाध्यक्ष मनोज खटीक के नेतृत्व में संविदा कार्मिक 23749 पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायको के सृजित कर नियमितीकरण करने, संविदा सेवा नियम 2022 के अंतर्गत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों की पूर्व की सेवा अवधि का अनुभव जोड़ने और प्रदेश भर के 7000 विद्यालय सहायको प्रशिक्षित करवाने, विभागीय डिग्रियों को जोड़ा जाए की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर बूंदी को सोपा

# जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग शॉप का आयोजन होगा आज

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी! बूंदी स्थिति सेवन हिल्स होटल पर होने वाली जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग शो की तैयारियों को आयोजन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया! कार्यक्रम संयोजक ओम धगाल ने बताया कि बूंदी में पहली बार जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग शो का आयोजन किया जा रहा हे जिसमें बूंदी जिले के युवा भाई अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन अलग अलग श्रेणी में करेंगे विगत 10 दिनों से आयोजन समिति ने शहर में एवं जिले भर में जनसंपर्क करते हुए अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम



में भागीदारी देने की अपील की हे। धगाल ने बताया कि कार्यक्रम सांय 5 बजे शुरू होगा जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष के विशेषाधिकारी राजीव दत्ता होगे आज आयोजन समिति के सदस्यों के साथ सेवन हिल्स होटल पहुंचकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दि.ा गया हे यह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक कार्यकम होने जा रहा हे जिसमें शहर की प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा मौका मिलेगा।इस दौरान आयोजन समिति सदस्य मनीष जैन,विवेक शर्मा,वसीम खान,नीरज बिलोची,अभिषेक,तुषार पारीक,मनीष मेवाड़ा ,नीरज बिलोची,अनिल अरशद,राजकुमार ,धीरू,अंकुर धगाल,शिव मेवड़ा,आकाश नायक,दिवेश नायक,नरेश भड़ाना सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने ली शांति समिति की बैठक, होली और रमजान के मद्देनजर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर दिया जोर



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 7 मार्च। आगामी त्यौहार होली और रमजान को ध्यान में रखते हुए, जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है, और इसे किसी भी प्रकार की अफवाहों या गलतफहमियों से प्रभावित नहीं होने देना चाहिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने सभी नागरिकों से सौहार्द और एकता बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा हमारे यहां गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है, और हमें इसे बनाए रखना है। सभी धर्मों के लोग प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाएं।

पुलिस उपाधीक्षक खैरथल राजेंद्र सिंह ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। होली के दौरान असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, और रमजान के मद्देनजर धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाएगी।

बैठक में मौजूद शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की प्रतिबद्धता जताई। शांति समिति के सदस्यों ने तेज आवाज में डीजे बजाने से बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी तथा त्योहारों पर अनावश्यक हुड़दंग न हो इस हेतु तेज आवाज में डीजे बनाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की जिस पर जिला कलेक्टर ने पुलिस प्रशासन को सख्त कार्यवाई कर डीजे जब्त करने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सौहार्द बनाए रखें, अफवाहों से बचें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, डिप्टी एसपी किशनगढ़ बास राजेंद्र सिंह, डिप्टी एसपी तिजारा शिवराज, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, अधिशासी अभियंता नगर परिषद भिवाड़ी सहित शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

समिति के सदस्य टिल्लू शर्मा ने बताया अंडर ब्रिज के अंदर होमगार्ड की तैनाती रात 8:00 बजे तक करने की बात उठाई सदस्य रवि चौधरी व परमानंद लखानी ने डीजे के ऊपर नियमित पाबंदी लगाने का प्रस्ताव दिया शहर मे देर रात्री तक तेज ध्वनि के डीजे बेरोकटोक बजते है बोर्ड परीक्षार्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है

दूसरी ओर लोगों का कहना है कि बैंठक के प्रस्ताव, निर्णय धरातल पर दिखाई देगे ये समय बताएगा बैठकें करना तो यहां ऊपरी आदेशों को पूरा करना ही रहा है

# जिला कलक्टर ने किया खेल संकुल का निरीक्षण

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 7 मार्च ` जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को खेल संकुल परिसर में निमार्णाधीन बहुउद्देशीय हॉल एवं तरणताल का निरीक्षण किया` इस दौरान उन्होंने संवेदक से वर्तमान में पूर्ण हो चुके कार्यों कि जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को विभिन्न सुविधाएं जल्द उपलब्ध हो सकें` इस दौरान जिला कलक्टर ने खेल संकुल में स्थित तरणताल का भी निरीक्षण किया साथ ही



निर्देश दिए कि आगामी 15 मार्च तक सभी प्रकार कि प्रक्रिया पूर्ण कर तरणताल को शुरू किया जाए ` ताकि गर्मियों में आमजन को तरणताल कि सुविधा उपलब्ध हो सकें`

इस दौरान परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी आरके राजोरिया, जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन, आरएसआरडीसी के सहायक अभियंता सुरेंद्र गुर्जर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे`

## भिवाड़ी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 7 मार्च को

खैरथल-तिजारा, 6 मार्च। राजस्थान ाजस्थान सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट 2024 के तहत किए गए समझौता ज्ञापनों (टङ्गव२) को वास्तविक निवेश में बदलने और राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में 7 मार्च को प्रातः 10:30 बजे बीडा सभागार, भिवाड़ी में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए रीप्स योजना सहित एमएसएमई, एक्सपोर्ट प्रमोशन, वन जिला वन प्रोडक्ट जैसी महत्वपूर्ण नीतियों को लागू किया गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संघ, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट (उ.अ.), बैंकिंग संस्थान और निवेशक भाग लेंगे। कार्यशाला में रीको, वाणिज्य कर विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, ऊर्जा विभाग, राजस्थान वित्त निगम, बैंकिंग संस्थान सहित अन्य संबंधित विभागों के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे, जो निवेशकों की शंकाओं का समाधान करेंगे और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। जिला प्रबंधक उद्योग विभाग सुरजीत सिंह खोरिया ने राज्य सरकार की नीतियों का लाभ उठाने और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को तलाशने के लिए सभी उद्यमियों, निवेशकों और संबंधित हितधारकों से इस कार्यशाला में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है।

# राजस्थान आरटीई एडमिशन -अगले सप्ताह से शुरू हो सकते है आवेदन
# खैरथल-तिजाराः वर्तमान समय में प्रत्येक वर्ग के लिए बेहतर शिक्षा प्राप्त

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तजाराः वर्तमान समय में प्रत्येक वर्ग के लए बेहतर शक्षा प्राप्त करना संभव नहीं होता है। ऐसे में शक्षा के अधकार के तहत सरकार नम्न आय, नशक्त और अनाथ आद बच्चों के शक्षा का खर्च सरकार देती है। आईए जानते हैं की फ्ळए के तहत बच्चों का नामांकन फॉर्म कब भरा जाएगा इसकी प्रक्रया क्या है इस फॉर्म को भरने के लए कौन-कौन से बच्चे योग्य माने जाते हैं

**कब होगी आवेदन की प्रक्रया शुरू**

बता दें क यह फार्म हर साल बच्चों के पढ़ाई के लए नकाली जाती है। इस तर्ज पर अगर बात करें तो राजस्थान में पछले साल अप्रैल के अंत में आरटीई के तहत स्कूलों में आवेदन की प्रक्रया शुरू की गई थी। पछले साल नामांकन के प्रक्रया




के तर्ज पर अगर अनुमान लगाया जाए तो इस बार पहले हफ्ते में ही यह प्रक्रया शुरू कर दी जाएगी। बता दें की सत्र 2025-26 मैं आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमशन की गाइडलाइन शक्षा वभाग द्वारा तैयार कर ली गई है, बस सरकार से हरी झंडी मलना बाकी है। इसके अलावा अगर एडमशन की गाइडलाइन की बात करें तो इस बार नयम में कोई बदलाव नहीं कया गया है। पछले सत्र की तरह ही स्कूलों में नामांकन की प्रक्रया की शुरूआत की जाएगी।शक्षा वभाग के सूत्रों की माने तो अगले सप्ताह मे आवेदन के लए पोर्टल शुरू हो जाएगा

एडमशन के लए कौन होते हैं योग्य के तहत नामांकन लेने के क्रम में छात्रों की योग्यता बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह जान लेना बेहद आवश्यक होता है की इस प्रक्रया के तहत कौन से छात्र योग्य होते हैं। बता दें क उनके बच्चों को आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमशन मलता है,जनकी आय ढाई लाख रुपए या इससे कम है। इसके अलावा एससी, एसटी, अनाथ बालक, एचआईवी या कैंसर से प्रभावत बच्चे, नशक्त, बीपीएल परवार के बच्चों को भी इसका लाभ मलता है।

**यह दस्तावेज है अनवार्य**

वह छात्र जो आरटीई के तहत अपना नामांकन करवाना चाहते हैं, उन्हें कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों का खास ख्याल रखना होगा। यह वह दस्तावेज है आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड( अगर इसमें स्टूडेंट का नाम दर्ज नहीं है तो करवाना जरूरी है), जन आधार कार्ड, जात व मूल नवास प्रमाणपत्र और सबसे जरूरी आय प्रमाण पत्र । इसके अलावा अगर कोई छात्र दव्यांग है, या फर कसी स्पेशल कोटे से आता है तो उसे भी उससे जुड़ी हुई पेपर तैयार करने होंगे।

# शामली महोत्सव 2025 संस्कृति, स्वच्छता और सामूहिक भागीदारी का हुआ भव्य आयोजन

## स्वास्थ्य की राह दौड़ के साथ स्वच्छता मार्च 'प्लॉगथॉन' का हुआ विशेष आकर्षण





नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली। जनपद शामली की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वच्छता अभियान को समर्पित शामली महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन दिनांक 07 से 10 मार्च 2025 तक वी.वी.पी. जी. कॉलेज, शामली में किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य जिले की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित करना है, जिसमें लोककला, संगीत, व्यंजन, पारंपरिक शिल्प और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इसी क्रम में आज प्रथम दिन जनपद में आम जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने के दृष्टिगत स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया। शामली स्वास्थ्य मार्च का शुभारंभ जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान ने किया। रोगमुक्त शामली के लिए स्वच्छता अभियान- 'प्लॉगथॉन' इस अभियान का नेतृत्व भारत के प्रसिद्ध 'प्लॉगमैन' रिपुदमन बेवली ने किया, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले अलग-अलग एक्टिविटी के माध्यम से कुडा कसरत करते हुए कुडा कैसे उठाना है के बारे में उपस्थित सभी को जागरूक किया गया। इसके उपरांत प्रसिद्ध 'प्लॉगमैन' रिपुदमन बेवली संग जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा,अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी, अधिशासी अधिकारी शामली, अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित अध्यक्ष शामली अरविंद संगल ,उद्योग बंधु के रूप में अंकित गोयल,आशीष जैन, समाजसेवी, सहित भारी संख्या में प्लॉगथॉन में प्रतिभागी सभी ने दौड़ते हुए रास्ते में पड़ा कचरा उठाया जिससे न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलेगी। मुख्य रूप से शामली स्वास्थ्य मार्च वी वी डिग्री शामली से प्रारंभ होकर टंकी कॉलोनी से होते हुए रेलवे फाटक से शिव चौक वहां से भिक्की मोड होते हुए पुनः वी वी डिग्री शामली पर समापन हुआ। यहां पहुंचकर प्रसिद्ध 'प्लॉगमैन' रिपुदमन बेवली ने सभी को प्रण दिलाया कि ना कूड़ा फैलाएंगे ना किसी को फैलाने देंगे अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे।

रिपुदमन बेवली ने इस आयोजन को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे शामली वासियों के साथ इस महाअभियान का हिस्सा बनने का अवसर मिल रहा है। मेरा सभी से निवेदन है कि शामली को निरोगी, स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के इस अभियान को निरंतर जारी रखें। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अरविन्द कुमार चौहान ने सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय प्रतिष्ठानों और नागरिक समूहों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, ₹ शामली में पहली बार आयोजित हो रहा शामली महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

यह हमारी परंपराओं, लोककला, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का मंच होगा, जहां शामली के नागरिक अपनी जड़ों से जुड़ने का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि ₹इस महोत्सव का एक विशेष आकर्षण स्वच्छता मार्च 'प्लॉगथॉन' हुआ, जो माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान के विजन को समर्पित है। इस अभियान का मकसद जनपद में गंदगी से होने वाले संचारी रोगों को रोकथाम और स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक महोत्सव का हिस्सा बनें और शामली को एक नई दिशा और नई गति देने में सहयोग करें।

# महिला ने लगाया पड़ोसी पर मारपीट करने का आरोप

कांधला। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पड़ोसी युवकों पर नहाते हुए ताक झांक करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया वह अपने घर के आंगन में नहा रही थी। आरोप है कि नहाते समय पड़ोस के ही कई युवकों ने तांक झांक शुरू कर दी। आरोप है कि पीड़िता और पीड़िता के पति द्वारा विरोध करने पर आरोपी युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। आरोपी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधेड की अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बाबरी। बाबरी क्षेत्र के पानीपत खटीमा नेशनल हाइवे पर अधेड की अज्ञात वाहन द्वारा कुचले जाने से दर्दनाक मौत हों गई।

शुक्रवार की अल सुबह एक अज्ञात अधेड व्यक्ति का शव शामली मुजफ्फरनगर हाई वें पर पड़ा मिला जो किसी अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से संभवतः वाहन के पहियों के नीचे आने से बुरी तरह से कुचला गया, तथा मौके पर ही दर्दनाक मौत हों गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे टहलने हेतु सलेक चंद निवासी खेड़ी बैरागी हाइवे पर पहुंचा तथा सड़क पर कुचला हुआ शव देखकर डायल 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी गई सुचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त का प्रयास किया गया। लेकिन शिनाख्त नहीं हों पाई,। बाबरी पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। समाचार लिखें जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हों सकी थीं।

पुलिस ने बताया कि मृतक के शव के ऊपर से संभवतः कुछ और भी वाहन गुजर गए, जिससे शव क्षत विक्षत हालत मे पड़ा मिला।

# जुमे की नमाज हुई शांतिपूर्ण, मांगी दुआ



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

कैराना : क्षेत्र में पवित्र रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर अकीदतमंदों ने अमन चैन, प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द की विशेष दुआएं मांगी। सीओ व कोतवाल ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पवित्र रमजान के पहले जुमे की नमाज के दृष्टिगत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में विशेष तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी। मस्जिदों में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। इसके पश्चात अकीदतमंदों ने अमन चैन, प्रेम भाईचारा, आपसी सौहार्द व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। पुलिस ने मस्जिदों के बाहर सड़कों पर लोगों को नमाज अदा नहीं होने दी। सीओ श्याम सिंह भी नगर में भ्रमण पर पहुंचे। उन्होंने धर्मस्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# ऊदपुर में गंदगी से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चौसाना। ऊदपुर के कश्यप मोहल्ले में गली में भरे कीचड़ और जलभराव से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। रविवार को मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से उनकी गलियां जलभराव और कीचड़ से भरी हुई हैं, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों सुंदर, जगपाल सिंह, पवन, अंजू, मनोज, चंद्र, राजीव, राजेश, जॉनी, संदीप आदि ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से गुजरना बेहद मुश्किल हो गया है। गंदगी और जलभराव के कारण आए दिन लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन से कई बार अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मोहल्ले की गलियों में पानी जमा होने के कारण लोगों को अपने घरों से निकलने में भी दिक्कत होती है। कई बार स्कूली बच्चों को कीचड़ में गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे अभिभावक भी चिंतित हैं।

**बुजुर्गो और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी**

एक ग्रामीण संदीप ने नाराजगी जताते हुए कहा, ₹हम हर रोज इस कीचड़ से होकर गुजरते हैं। छोटे बच्चे और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हमें प्रशासन से तुरंत समाधान की जरूरत है।

ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी और जलभराव के कारण डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कई लोगों ने बीमार पड़ने की शिकायत भी की है।

ग्राम पंचायत के सचिव दीपक शर्मा का कहना है कि समस्या की जानकारी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा, ₹गली की जमीन नीचे बैठ गई है, जिससे पानी जमा हो रहा है। लेकिन जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस जगह पर आरसीसी सड़क बनाई जाएगी और इसी महीने इसका काम शुरू हो जाएगा

# 9 तारीख को किसान बजाज शुगर मिल थानाभवन देंगे धरना : संदीप सिंह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

विदित हो कि किसान पिछले काफी दिनों से गन्ना बकाया भुगतान को लेकर दिन रात प्रयासरत हैं।इस क्रम में बजाज शुगर मिल थानाभवन के अधिकारियों के साथ वार्ता विफल के समय से ही उन्होंने संयुक्त किसान संघर्ष समिति बनाई हुई है।किसान संघर्ष समिति बकाया गन्ना भुगतान को लेकर जिलाधिकारी शामली , डीसीओ शामली,गन्ना समिति सचिव थानाभवन सभी से मिल चुके हैं ।किसान संदीप ने बताया कि जिले के अधिकारियों द्वारा बार बार आश्वासन दिया लेकिन भुगतान नहीं हुआ।गन्ना भुगतान के संबंध में सैंकड़ों किसानों द्वारा १२ और 1076 पर कॉल कर मौजूदा सरकार को समस्या से अवगत कराया है लेकिन कोई समाधान निकलता नजर नहीं आ रहा।मालूम हो कि चरथावल विधायक पंकज मलिक, विधायक प्रसन्न चौधरी,विधायक अशरफ अली,विधायक नाहिद हसन भी पश्चिम उत्तर प्रदेश में पैर पसारी समस्या बकाया गन्ना भुगतान को लेकर सदन के पटल पर आवाज उठा चुके हैं।किसान धीरज राणा ने बताया कि किसान मजबूरन यह कदम उठा रहे हैं क्योंकि किसानों को केवल दिलासा दिया जा रहा जबकि किसानों को गन्ना भुगतान की जरूरत है पेराई सत्र लगभग अपने अंतिम चरण में हैं जिसमें शुगर मिल को चलते करीब चार महीने हो गए लेकिन भुगतान में फिसड्डी है बजाज शुगर मिल।किसान लाला ठाकुर ने बताया कि संयुक्त किसान संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के 20 से 30 गांव में जनसंपर्क किया हुआ है बकाया गन्ना भुगतान सभी की समस्या है इसलिए परिणाम भी सकारात्मक ही होंगे ऐसी हमें आशा है।किसान अंततोगत्वा मिल पर धरने को मजबूर हुआ इसके लिए वें सभी लोग जिम्मेवार हैं जो किसानों के बार बार आग्रह करने पर भी भुगतान कराने में असमर्थ रहे।किसान प्रेम राणा ने कहा कि अब आरपार की लड़ाई लड़ेगा किसान स्तिथि बड़ी विचित्र हो चली है। किसानों को अपने हक के लिए भी ऐसे कदम उठाने पड़ रहे हैं किसी का कोई कानून भी काम नहीं आ रहा किसानों को उनका बकाया गन्ना भुगतान दिलाने में।

इस अवसर पर नरेश प्रधान गोगमा,मुकेश राणा,दिनेश राणा,संदीप राणा,कपिल राणा,प्रेम राणा,धीरज सिंह,ठाकुर रामचरण, लाला ठाकुर,शक्ति सिंह,हरेंद्र सिंह,बिजेंद्र वर्मा,यशपाल सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खेतों से निकलकर अचानक रोड पर आई नील गाय, टक्कर लगने से स्कूटी सवार किसान की मौत

शामली। किसान विरेन्द्र (47) देर शाम को अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से शादी में शामिल होकर गांव लौट रहा था। नकुड़-नसरुल्लागढ़ मार्ग पर खेतों से तेज गति से निकलकर आई नीलगाय ने टक्कर मार दी। शादी समारोह से लौट रहे किसान की स्कूटी से नीलगाय की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। किसान की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।

नकुड़ के गांव नसरुल्लागढ़ निवासी किसान विरेन्द्र (47) पुत्र सीताराम सैनी बृहस्पतिवार को शादी में गया था। पूर्व प्रधान सतपाल सैनी ने बताया कि विरेन्द्र देर शाम को अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से गांव लौट रहा था। जैसे ही वह नकुड़-नसरुल्लागढ़ मार्ग पर बूढ़ी नदी के पुल के पास पहुंचा तो उसकी टक्कर खेतों से तेज गति से निकलकर आई नीलगाय से हो गई। सड़क पर सिर के बल गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन शव को घर ले गए। मृतक के चार बेटी और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण आएदिन हादसे हो रहे हैं। इनकी रोकथाम की जानी चाहिए।

# जलालाबाद में भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष की घुड़चढ़ी रोकी... दूसरे समुदाय के लोगों पर आरोप

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

शामली । जलालाबाद में रविवार देर रात भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीश गौतम की घुड़चढ़ी हो रही थी। आरोप है कि दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे बजाने का भी विरोध किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
जलालाबाद कस्बे के हरी नगर मोहल्ले में रविवार देर रात भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीश गौतम की घुड़चढ़ी को दूसरे संप्रदाय के युवकों ने रोकने का प्रयास किया। इसे लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया।
भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष रजनीश गौतम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को उसकी बरात सहारनपुर के रामपुर मनिहारान जानी थी। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे मोहल्ले में ही घुड़चढ़ी हो रही थी। आरोप है कि इसी बीच दूसरे समुदाय के करीब दस युवकों ने घुड़चढ़ी को रोकने और डीजे को बंद कराने का प्रयास किया। मना करने पर गालीगलौज की। मामले को लेकर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। सूचना पर पुलिस पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उधर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है।

# कैंटर को टक्कर मारते हुए 3 दुकानों में घुसा तेज रफ्तार ट्रक



शामली- ट्रक बृहस्पतिवार तड़के करीब 3 बजे थानाभवन स्थित चरथावल बस स्टैंड पर खड़ी पिकअप और दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए दुकानों में घुसा। उस समय दुकानें बंद थीं, नहीं तो जनहानि हो सकती थी।

सहारनपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक बृहस्पतिवार तड़के करीब 3 बजे थानाभवन स्थित चरथावल बस स्टैंड पर खड़ी पिकअप और दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए दुकानों में जा घुस-ा। तीनों दुकानों में लाखों का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि उस समय दुकानें बंद थीं और आसपास भी कोई नहीं था, वरना और बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे के दौरान ट्रक ने पहले दूध के कैंटर और केला गोदाम पर केला उतारने आई पिकअप को जोरदार टक्कर मारी। फिर बेकाबू होकर सड़क किनारे नूर ट्रेडर्स, चांद ऑटो स्पेयर पार्ट्स, शफीर की खाद की दुकान में जा घुसा। इस टक्कर से दुकानों के शटर, काउंटर व अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।

गनीमत रही कि घटना के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। व्यापारियों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## डीजीपी ने रेंज आईजी, डीआईजी, एसएसपी व एसपी के साथ समीक्षात्मक बैठक उपरांत दिया अहम निर्देश

एनपीटी ब्यूरो

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी रेंज आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी के साथ अहम समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चाएं की गई और सख्त कारवाई के निर्देश जारी किये गये। डीजीपी ने सभी जिलों से महिला अपराध के मामलों में की जा रही कारवाई और पीड़िताओं को मुआवाजा देने की स्थिति की जानकारी ली। ढउन्होंने सभी एसपी को सख्त निर्देश दिया कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े किसी भी आपराधिक मामले में एफआईआर दर्ज करने में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि एफआईआर दर्ज करने में देरी की वजह से वैज्ञानिक साक्ष्य नष्ट होने का खतरा रहता है। इस समस्या से बचने के लिए थानों में तैनात निर्भय शक्ति की महिला कांस्टेबलों से भी सहयोग लेने पर जोर दिया गया। रेप और पॉक्सो मामलों में साक्ष्यों का सही से संग्रह न होना बड़ी समस्या है। डीजीपी ने निर्देश दिया कि पीड़िता के कपड़े, घटनास्थल से मिले भौतिक और रासायनिक साक्ष्य, अंडरवियर आदि को सही तरीके से संरक्षित किया जाए। इससे आरोपी को सजा दिलाने में मदद मिलेगी। साथ ही डीजीपी ने सभी जिलों में महिला थानों को और मजबूत करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला थानों को पीड़ितों के प्रति संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, कोचिंग संस्थान, स्कूल, महिला हॉस्टल, मॉल आदि स्थानों पर संगठित रूप से महिला हेल्पडेस्क खोलने की भी योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिया गया। डीजीपी ने कहा है कि किसी भी महिला से सम्बन्धित शिकायत को किसी भी नजदीकी थाने में दर्ज किया जाना चाहिए। घटनास्थल किसी अन्य क्षेत्र में होने के बावजूद आवेदन स्वीकार कर तत्काल कारवाई की जानी चाहिए। ऐसे मामलों में जीरो एफआईआर बनाकर सम्बन्धित थाने को भेजने की व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के आदेश दिया गया है।डीजीपी ने कहा कि पॉक्सो, दुष्कर्म, एसिड अटैक और एससी-एसटी से जुड़े मामलों में जांच में देरी की वजह से पीड़िताओं को मुआवजा मिलने में समस्या होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मामलों की समयबद्ध जांच होनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना प्रभारी को किसी भी महिला से जुड़ी शिकायत को यह कहकर नकारना गलत है कि मामला सही है या गलत, इसकी सच्चाई जांच के दौरान ही सामने आती है। आवेदन मिलते ही एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। समीक्षात्मक बैठक के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विशेष रूप से चर्चाएं की।



## विद्यालय ग्राउंड की मिट्टी भराई सह- समतलीकरण की है जरूरत

एनपीटी ब्यूरो




पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड सरकार की बहुद्देशीय आयाम स्थापना की थीम में शामिल झारखण्ड मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के तहत पठन- पाठन की अनुकूल वातावरण का समायोजन करने के ध्यानार्थ जिला पाकुड़ के राज प्लस टू विद्यालय को डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ के रूप में विकसित किया गया और पठन- पाठन की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध भी की गई। मगर 2024-25 सेशन के विद्यार्थियों को कई अवयवों का सामना करना पड़ा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव अन्य को ले डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ में कई कार्यक्रम समय-समय पर होते रहे, जिससे विद्यार्थियों को अधिकतर अवधि तक अपने घर में ही पढ़ाई/ परीक्षा की तैयारी करना पड़ा। मगर अल्प समय अवधि में ही उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा पहली बार आरम्भ की गई प्रोजेक्ट पारख/ प्रोजेक्ट प्रयास/ हुनर से हुनर तक का सफर (योजना) काफी हद तक छात्र- छात्राओं के लिए सार्थक प्रयास रहा। गौरतलब हो कि पाकुड़ के०के०एम० कालेज में बहुद्देशीय परीक्षा प्रोशाल बना हुआ है और बहुत सारे कार्यक्रम भी आयोजित होती रहती है। ऐसे सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की लक्ष्य को हासिल करने के मद्देनजर यदि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ में पठन- पाठन के अलावे अन्य किसी सरकारी जरूरी कार्यक्रम चाहे प्रशिक्षण हो या फिर कार्यशाला इत्यादि हेतु डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ को सेन्टर/ केन्द्र बनाने के बजाय पाकुड़ के०के०एम० कालेज में अवस्थित बहुद्देशीय परीक्षा प्रोशाल को ही सेन्टर/ केन्द्र बनाया जाए तो शायद डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाकुड़ के विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य होगा। विद्यार्थियों के हृदय में लगातार विद्यालय आने की उमंग/ रुचियां पनपने के साथ-साथ पठन- पाठन भी माकूल वातावरण में होता रहेगा। वही विद्यालय में मौजूद ग्राउंड को समतलीकरण करने हेतु मिट्टी भराई का कार्य बेहद जरूरी है। ताकि ग्राउंड को खेल जुड़े सभी आयाम स्थापित की जा सके एवं बच्चे खेल सकें। जिसके लिए पाकुड़ शिक्षा विभाग समेत जिला प्रशासन को संज्ञान में लेना लाजमी है। वही विद्यालय में लाइटिंग व्यवस्था के साथ- साथ शुद्ध पेयजल आपूर्ति की सुव्यवस्थित अवयव स्थापित करने की जरूरत है।

ताकि लाइटिंग व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पीने योग्य पानी भी उपलब्ध हो सके। बताया जा रहा है कि उक्त विद्यालय में मौजूद चापानल की पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में और अधिक जिम्मेवारी अपने आप प्रकट हो रही है कि यथाशीघ्र पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने पर प्रशासन की आवश्यक पहल होनी चाहिए।


## 9 मार्च को कक्षा छह, सात और आठ के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

एनपीटी ब्यूरो



पाकुड़ (झा०खं०), कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय और अन्य आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छह, सात और आठ में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को आयोजित होगा। इस सम्बन्ध में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सह- जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कल्याण विभाग की ओर से संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय और अन्य आवासीय विद्यालयों के कक्षा छह, सात और आठ में नामांकन के लिए 9 मार्च 2025 को राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा निर्धारित है। कक्षा छः में परीक्षार्थियों की संख्या 560, कक्षा सात में परीक्षार्थियों की संख्या 234 और कक्षा आठ में परीक्षार्थियों की संख्या 296 है। तीनों वर्गों में कुल 1090 परीक्षार्थी है। परीक्षा 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक ली जायेगी। सभी परीक्षार्थी 10 बजे पूर्वाह्न तक अपने अपने परीक्षा केन्द्र में पहुंचना सुनिश्चित करें। कक्षा छह के लिए डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस, (राज+2) पाकुड़, कक्षा सात के लिए सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस गर्ल्स, पाकुड़ एवं कक्षा आठ के लिए मॉडल स्कूल धनुषपूजा, पाकुड़ में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त सभी परीक्षा केन्द्रों पर की गई है।

## अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध पुलिस प्रशासन ने की बड़ी कारवाई



ाकुड़ (झा०खं०), अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध पुलिस प्रशासन ने की बड़ी कारवाई है। दरअसल पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पाकुड़ के नेतृत्व मे हिरणपुर/मुफस्सिल/नगर/ मालपहारी थाना क्षेत्र में अलग अलग टीम गठित कर अवैध कोयला परिवहन/ तस्करी के विरुद्ध 6 - 7 मार्च 2025 के रात्रि में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध कोयला तस्करी करने वाले पुलिस को देख नौ- दो- ग्यारह हो गया। जबकि जांच अभियान में करीब 77 साइकिल एवं 03 मोटरसाईकिल को अवैध रूप से कोयला परिवहन करते जप्त किया गया। उक्त अभियान में थाना प्रभारी नगर/ मुफ्फसिल/ हिरणपुर/मालपहारी, परिवहन परिचारी/ उपस्कर परिचारी के अतिरिक्त टाइगर मोबाइल के जवान भी शामिल थे।

## विधायक एमटी राजा ने राजमहल से मानिकचक के बीच गंगा नदी पर प्रस्तावित रेल सह- सड़क पुल निर्माण की उठाई आवाज

एनपीटी ब्यूरो



साहेबगंज जिला को यूनिवर्सिटी समेत एयरपोर्ट व कार्गो का सौगात बजट में दी गई है। जो जिले की सार्वांगीण विकास में सहायक साबित होगा। वही राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक एमटी राजा ने क्षेत्र की जनता की मांग राजमहल से मानिकचक के बीच गंगा नदी पर प्रस्तावित रेल सह- सड़क पुल के निर्माण को लेकर विधानसभा के पटल पर शून्यकाल के माध्यम से जनता की आवाज बनकर बातों को रखा। जो उनकी दूर- दृष्टि की बहु आयामी सोच को दर्शाता है। यदि यह प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए वास्तविक स्वरूप दी जाए तो निश्चित रूप से राजमहल विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले की सार्वांगीण विकास में सहायक साबित होगा।

## पाक माह रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा, अमन-शांति और तरक्की की मांगी दुआ

एनपीटी ब्यूरो



लातेहार ( झा०खं०), लातेहार पूरे जिला में पवित्र रमजान के पाक माह के पहले जुमा की नमाज शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बड़ी अकीदत के साथ अदा की। इस अवसर पर सदर लातेहार, मनिका , गारू, महुआ टांड, बरवाडीह, चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज, छिपादोहर, सहित इटके, शिबला, साल्वे, नावाडीह, बठेठ, फुलसु, रवादाग के अलावा अन्य मस्जिदों में भारी संख्या में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अल्लाह से देश की तरक्की, अमन-शांति और गुनाहों से तौबा की दुआ मांगी। इटके जामा मस्जिद के मौलाना शमसाद और साल्वे नूरी मस्जिद के खतीब मौलाना अबुशहमा नदवी ने तकरीर के दौरान रोजे और रमजान की फजीलत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह महीना इबादत, रहमत और मगफिरत का है, जिसमें हर मुसलमान को रोजा रखने, नमाज अदा करने, कुरान की तिलावत करने और गरीबों की मदद करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पवित्र माह में इंसान को बुरे कर्मों से बचना चाहिए और अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने कहा कि रमजान सिर्फ इबादत का महीना ही नहीं, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने का भी महीना है। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने चाहिए और पहले की गई गलतियों की अल्लाह से सच्चे दिल से माफी मांगनी चाहिए। मोहम्मद साहब ने लोगों को आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का संदेश दिया और कहा कि किसी का दिल दुखाना सबसे बड़ा गुनाह है। रमजान की शुरूआत के साथ ही बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। जगह-जगह फल, सेवई और इफ्तार की अन्य सामग्री की दुकानें सज गई हैं। इफ्तार के वक्त फलों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है. रमजान का यह पाक महीना लोगों में धार्मिक श्रद्धा और परस्पर प्रेम की भावना को और मजबूत कर रहा है।

## पाकुड़ पॉलिटेक्निक में होली मिलन का हुआ आयोजन



एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), 7 मार्च को स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के सभी छात्र और कर्मचारियों ने मिल कर कार्यक्रम का आनद उठाया और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। संस्थान के प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी, प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्र ने मिलन समारोह की शुरुआत करते हुए सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। साथ ही संस्थान के निदेशक श्री आमिया रंजन बड़ाजेना ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

## फूड लाइसेंस की पंजीकरण हेतु लगाया कैंप

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), सदर अस्पताल परिसर स्थित खाद्य सुरक्षा कार्यालय में शुक्रवार को भी फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम मौजूद थे। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पंजीकरण हेतु शुक्रवार को 22 आवेदन प्राप्त हुए एवं 16 पंजीकरण निर्गत किया गया। दो दिवसीय खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीकरण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें कुल 34 खाद्य कारोबारियों को पंजीकरण निर्गत किया गया। विदित है कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत सभी खाद्य कारोबारी को फुड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है।

## एसडीपीओ डीएन आजाद ने की थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक



एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), अनुमण्डल पुलिस कार्यालय, पाकुड़ में एसडीपीओ डीएन आजाद की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें पाकुड़ नगर/ लिट्टीपाड़ा/ पाकुड़ मुफस्सिल/ सिलोंग ओपी/ मालपहाड़ी ओपी व हिरणपुर थाना प्रभारी ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक के दौरान पिछले महिने में दी गई निर्देश का अनुपालनार्थ में की गई आवश्यक कारवाई का समीक्षा उपरांत कांडो के त्वरित निष्पादन में आवश्यक कदम उठाए जाने की ताकीद की गई। बैठक के दौरान लंबित कांडो की त्वरित निष्पादन करने, वारंटी की गिरफ्तारी, कुर्की - जब्ती समेत थाना क्षेत्र में अवैध खनिज/ कोयला परिवहन पर सख्ती बरतने आदि की ताकीद की गई। एसडीपीओ डीएन आजाद ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने- अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हैं। जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों का मनोबल ध्वस्त हो।

## झामुमो पंचायत कमिटी की हुई पुनर्गठन, दीपक बने सदर पंचायत अध्यक्ष

एनपीटी ब्यूरो



लातेहार ( झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू प्रखंड के सदर, साल्वे व शिबला पंचायत में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। दीपक बने सदर पंचायत अध्यक्ष। जानकारी देते हुए प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने बताया कि पार्टी के निदेशांनुसार पुरे प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है. शुक्रवार को बारियातू पंचायत के पिंडा टोला स्थित समुदायिक भवन परिसर में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक कर कमेटी का गठन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से दीपक प्रसाद को पंचायत कमिटी का अध्यक्ष चुना गया, जबकि सर्वण उरांव, व सुरेश उरांव, को उपाध्यक्ष, पप्पू यादव को सचिव और त्रिभुवन प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया. जबकि पांच अन्य लोगों को सदस्य के रूप में चुना गया. इसके अलावा साल्वे व शिबला में भी बैठक कर कमेटी का पुनर्गठन किया गया. इस अवसर प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जेएमएम नेता बिरेन्द्र पासवान, कामेश्वर भोगता, व युवा नेता लाल आशिष नाथ शाहदेव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, झामुमो हमेशा गरीब, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई लड़ता आया है. पंचायत कमिटी के गठन से पार्टी को और मजबूती मिलेगी, जिससे हम अपने हक-अधिकार की लड़ाई को और मजबूती से लड़ सकेंगे.उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को सुलझाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी का पट्टा पहना कर सम्मानित किया गया.वहीं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए संगठन को आगे बढ़ाने की शपथ ली।

## दो मोटरसाइकिल की हुई टक्कर में एक घायल

एनपीटी ब्यूरो

लातेहार ( झा०खं०),लातेहार जिला के बालूमाथ थाना स्थित पाकी पथ पर बनियों ग्राम के समीप गुरुवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें करीब 40 वर्षीय शंकर यादव (पिता स्वर्गीय बिदेश्वर यादव ग्राम हाथडीह थाना सदर) घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से शंकर यादव को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि शंकर यादव टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य में मजदूर का काम करता था और वह मजदूरी करके अपने घर जा रहा था। इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया।

# आईटीएस गाजियाबाद में पांचवां वार्षिक टेक्निकल एवं मैनेजमेंट यूजी फेस्ट टेक्नोवेशन एंड बिज फिएस्टा-2025 का आयोजन





नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। आईटीएस (यूजी कैंपस) मोहननगर गाजियाबाद में आज 6 से 7 मार्च तक चलने वाले दो दिवसीय टेक्निकल एवं मैनेजमेंट -यूजी फेस्ट ₹टेक्नोवेशन एंड बिज फिएस्टा-2025 ₹ का शुभारम्भ किया गया। इस टेक्निकल एवं मैनेजमेंट-फेस्ट का उददेश्य आईटी0लएस स्नातक परिसर के बीसीए तथा बीबीए के छात्रों को एक सार्थक मच उपलब्ध कराना है जहां वे अपनी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, सैद्धान्तिक ज्ञान तथा अनुप्रयोगों के प्रदर्शन के साथ-साथ आपस में मिलकर एक दूसरे की गतिविधियाँ को जाने तथा आपसी समझ विकसित कर सके। समारोह का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ आरपी चढ़ढा वाइस चेयरमैन अर्पित चढ़ढा, आईटीएस के निदेशक (पीआर) सुरेंदर सूद, आईटीएस मोहन नगर (यूजी कैंपस) के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय एवं आई0टी0एस0 (यूजी कैंपस) की वाइस प्रिंसिपल डॉ नैन्सी शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस समारोह में आईटीएस स्नातक परिसर के बीसीए एवं बीबीए के लगभग 2500 छात्रों ने भाग लिया। आईटीएस समूह के वाईस चेयरमैन अर्पित चढ़ढा ने अपने सन्देश में छात्रों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लेने पर संतोष व्यक्त किया। उनहोंने सभी प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीएस समूह इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से छात्रों में आपसी समझ तथा एक स्वस्थ प्रतियोगितापरक वातावरण में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुअवसर प्रदान करता है। आईटीएस (यूजी कैंपस) के निदेशक डॉ सुनील कमार पाण्डेय ने सभी छात्रों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस काल खंड में नवीन तकनीकों एवं व्यवसाय जगत में उनके अनुप्रयोगों कि महत्ता बढ़ रही है। इनोवेशन एवं क्रियाशीलता के लिए बहुत अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। आज जिस प्रकार के शोध एवं विकास चल रहे हैं उससे प्रतीत होता है कि तकनीक को समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जोड़ दिया जायेगा और जो निश्चित रूप से निकट भविष्य में कियान्वयित होगा। उन्होंने कहा कि इन नवीन धाराओं को समझने एवं उन पर केन्द्रित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। स्नातक परिसर की वाईस प्रिंसिपल डॉ नैंसी शर्मा ने सूचना, संचार एवं प्रबंधन के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्रों को प्रतियोगिता में उत्कृठ प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। समस्त छात्रों एवं प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्य रूप से इस उत्सव की आयोजन सामिति के सदस्यों डा संदीप गर्ग, प्रोफेसर नूपुर सिद्ध, डॉ नीरज जैन एवं प्रोफेसर सरोज कुमारी एवं छात्रों के योगदान की प्रसंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन छात्रों को आपस में टीम भावना, आयोजन की बारीकियाँ तथा संवाद के साथ-साथ आपस में एक दूसरे को समझने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करते हैं। दो दिन चलने वाले इस समारोह में कुल 26 प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया है। जिसमें सी प्रोग्रामिंग, जावा प्रोगामिग, पोस्टर प्रजेन्टेशन, सुडौकू, लैन गेमिंग, प्रोजेक्ट प्रपोजल, वेब पेज डिजाइनिंग, आईटी क्विज, वीड़ियोगफी आदि सम्मिलित किये गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स एवं मेडल्स पुरूस्कार के रूप मे प्रदान किये गए। ओवरनाइट प्रोग्रामिंग मे 75 छात्रों ने भाग लिया जिसमे 3 -3 छात्रों कि प्रथम ३ शीर्ष स्थानों को नगद पुरस्कार के साथ प्रमाणपत्र एवं मैडल प्रदान किये गए। कार्यक्रम के लेन गेमिंग एवं ट्रेजर हंट प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक 550 से भी छात्रों ने भाग लिया।

# आई.टी. एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद में जीटीटी (ग्लोबल टैलेंट ट्रैक) फाउंडेशन द्वारा पौधारोपण और टीम निर्माण गतिविधियाँ पर कार्यक्रम का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। जीटीटी (ग्लोबल टैलेंट ट्रैक) ने सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के रूप में पौधारोपण और टीम निर्माण गतिविधियाँ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला दिवस के अवसर पर कॉपोरेंट के लगभग 250 कर्मचारियों के साथ पीजीडीएम और बीबीए की 60 छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विशिष्ट व्यक्तियों में डॉ. अजय कुमार, निदेशक - आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, डॉ. सुनील कुमार पांडे, निदेशक - आईटीएस यूजी एंड आईटी, गाजियाबाद उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। कॉर्पोरेट कर्मचारिओं द्वारा छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान दिया गया।



# स्मार्ट के सौजन्य से जनऔषधि दिवस पर जिला संयुक्त अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित



गाजियाबाद। स्मार्ट के सौजन्य से सेहत सही-लाभ कई के तहत हिन्ट रेडियो की टीम अभियान के तहत नए आयामों पर कार्य कर रही है। शुक्रवार को जनऔषधि दिवस के मौके पर जिला संयुक्त अस्तपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अस्पताल परिसर में ही जनऔषधि केन्द्र का शुभारांभ किया गया। सीएमओ अखिलेश मोहन ने फीता काटकर जनऔषधि केन्द्र का उदघाटन किया। सीएमएस संजयनगर के अलावा अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। सीएमओ और सीएमएस ने हिन्ट रेडियो की टीम से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निजी कंपनियों की तुलना में ये दवायें कितनी सस्ती हैं। आमजन इन दवाओं को किफायती दरों पर खरीदकर रोगों से निजात पा सकता है। बता दें कि एक मार्च से सात मार्च तक जनऔषधि पखवाड़े का भी आयोजन किया गया, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को प्रधानमंत्री जनऔषधियों के बारे में जागरुक किया।

# प्रदूषण नियंत्रण होने तक नव निर्माण पर सम्पूर्ण रोक लगे

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का कार्यकाल समाप्त किया जाये

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

उडडुपी रेस्टोरेन्ट ,नवयुग मार्केट , गाजियाबाद - आज यहाँ एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुऐ गाजियाबाद सिविल सोसाइटी ( आर डब्लू ए फेडरेशन , फ्लेट ओनर फेडरेशन , लाइन पार आर डब्लू ए फेडरेशन , कोरवा , कोरवा-यूपी ) के मुखिया कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा की प्रदूषण नियंत्रण होने तक नव निर्माण पर सम्पूर्ण रोक लगे और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का कार्यकाल समाप्त किया जाए` उन्होने बताया की वायु प्रदूषण के कारण बच्चों के फेफड़ो की क्षमता अत्यंत तेज गति से घटती जा रही है` जल प्रदूषण या ध्वनि प्रदूषण का इलाज है परन्तु वायु प्रदूषण के कारण बच्चों के फेफड़ों की क्षमता एक बार कम हुई तो फिर उसे बढ़ाया नहीं जा सकता । ये बच्चे बड़े होकर जिंदगी का आनंद नहीं ले पाएंगे `ऐसे निर्माण का क्या फायदा जो आने वाली पीढ़ी को नपुंसक बना दे ।



कर्नल त्यागी ने यह भी कहा की संविधान के 74वें संशोधन के अंतर्गत विकास प्राधिकरण इसलिए स्थापित किए गए थे ताकि गरीब लोगों को सिस्टेमेटिक तरीके से आवास उपलब्ध कराये जा सके` लेकिन यह करने के बजाय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण बिल्डरों को जमीन उपलब्ध कराने में लग गया` लिहाजा अब इनका कार्यकाल भी समाप्त किया जाए`

वसुंधरा विकास समिति के सचिव संतोष शर्मा ने कहा की नगरीय विकास, बढ़ती हुई शहरी आबादी को आवास प्रदान करने के लिये आवश्यक है, परन्तु पहले से नगर के निवासियों के स्वास्थय को संकट में डाल कर और आने वाली पीढ़ी को भी प्रदूषण का ग्रास बनाकर बिलकुल नहीं ' अभी तक बढ़ती हुयी शहरी आबादी ने हवा और पानी की शुद्धता और उपलब्धता को भयानक रूप से प्रभावित किया है अतः नये भवनो के निर्माण पर पूर्ण रोक लगाने कि आवश्यकता है 'वसुंधरा विकास समिति के प्रशासनिक सदस्य श्री नीरज त्यागी ने कहा की कोरोना काल ने हमें सिखाया है कि प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण ट्रांसपोर्ट है अतः जैव ईंधन को पूर्णतः सार्वजानिक ट्रांसपोर्ट में बंद करके बिजली और हाइड्रोजन चालित वाहन ही प्रयोग किये जाये ' अधिक ऊंचाई के भवन, शहरों से होकर बहने वाली हवा में रूकावट पैदा करते है, अतः इनके नव निर्माण पर रोक लगनी चाहिए ।

लाइन पार आर डब्लू ए फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आर के आर्य ने कहा की वर्तमान में जो बहुमंजली सोसायटियों हैं उन्हें अधिकतर पानी के लिए भू जल दोहन करना पड़ता है तो नई इमारतों का निर्माण तब तक न हो जब तक पानी की व्यवस्था ना की जा सके।कोरवा यू पी के अध्यक्ष श्री पवन कौशिक ने कहा की :ना जल साफ है ना हवा साफ है

हुकूमत का रुख भी खामोश है

मुझे मेरे जीने का हक चाहिए

मुझे पेड़ों से लतपथ वतन चाहिए

इस अवसर पर गौरव सेनानी ज्ञान सिंह , ऐडवोकेट अंशु त्यागी , एम एल वर्मा , नेम पाल चौधरी , एम एल मलोहत्रा , एम के त्यागी , गौरव सेनानी चन्दन सिंह , गौरव सेनानी राजेन्द्र त्रिपाठी , नमिता भल्ला,छाया गुप्ता , सुधीर कुमार , संतोष कुमार शर्मा,भूपेन्द्र नेगी ,आई सी जिंदल , राज शर्मा , स्मायरा , रजनीश त्यागी , डा मधु सिंह , मोनिका गोयल ,संध्या त्यागी , वंदना जोशी,सविता शर्मा,भारती शर्मा,जी एस सिधु , सुभाष शर्मा ने भी एक स्वर मे कहा की अब हमे कोंकरीट के जंगल नहीं बल्कि साफ हवा और पानी चाहिए`अंत में तय किया गया की उपरोक्त के संबंध में 11 मार्च को जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नाम में एक ज्ञापन दिया जाएगा

# दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के मुख्य द्वार व यात्री निवास का निर्माण शुरू

गाजियाबाद। दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर के पहले चरण का काम बृहस्पतिवार को शुरू हो गया। पहले चरण में बृहस्पतिवार को मुख्य द्वार और यात्री निवास के निर्माण का काम शुरू किया गया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर काम शुरू कराया। महंत नारायण गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की थी उसकी शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर से गाजियाबाद की देश ही नहीं पूरे विश्व में पहचान है। कॉरिडोर के निर्माण की शुरूआत नारियल तोड़कर की गई। इस मौके पर मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि महाराज व अन्य संत महात्मा मौजूद रहे। महंत ने बताया कि इस सिद्धपीठ मंदिर में सावन में 10 लाख से अधिक शिवभक्त देश विदेश से दर्शन करते आते हैं। कॉरिडोर के लिए शासन से करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी हो चुकी है। सदर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर दूधेश्वर कॉरिडोर बनाने की शुरूआत हो चुकी है। निर्माण भव्य और अलौकिक होगा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

## अभिवक्ता यश पाडिया की दलील पर उच्च न्यायालय का बड़ा फैसला

# प्राइवेट कम्पनी के विरूद्ध याचिका पोषणीय नही- हाईकोर्ट में सहायता मिली है।

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

प्रयागराज / इलाहाबाद : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 226 में किसी प्राइवेट कम्पनी/संस्था के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत राज्य माने जाने वाली संस्थाओं के खिलाफ ही अनुच्छेद 226 में याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की जा सकती है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका को पोषणीय नहीं मानते हुये खारिज कर दिया है। साथ ही याची मेसर्स मनोज पेट्रोलियम को कानून के तहत वैकल्पिक अनुतोष प्राप्त करने की छूट दी है। याचिका में नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी द्वारा मेसर्स मनोज पेट्रोलियम कम्पनी के साथ पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद व बिकी के लिये हुये करार को भंग करने की वैधता को चुनौती दी गयी थी।

नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी की तरफ से पेश हुये अधिवक्ता यश पाडिया यश पाडिया ने दलील दी कि नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित एक कम्पनी है जो कि एक निजी स्वामित्व वाली और नियंत्रित इकाई है, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा बिकी की फ्रेंचाइजी वितरित करने के लिये अधिकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप उक्त उद्देश्य के लिए याचिकाकर्ता मेसर्स मनोज पेट्रोलियम और नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के बीच दिनांक 06.01.2020 को फ्रेंचाइजी समझौता किया गया है। फेचाइजी समझौता स्पष्ट रूप से और अनिवार्य रूप से एक निजी अनुबन्ध है जिसे सरकारी नियंत्र से अछूते निजी पक्षों द्वारा और उनके बीच निष्पादित किया जाता है।

अधिवक्ता यश पाडिया ने यह भी दलील दी कि नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के अनुसार राज्य की परिभाषा के दायरे में नहीं आती है। यह कम्पनी एक लाभ कमाने वाला संगठन है और पेट्रोलियम उत्पादों की बिकी का उक्त व्यवसाय किसी जनकल्याण के उद्देश्य से किया जाता है, इसलिये यह केवल याचिकाकर्ता मेसर्स मनोज पेट्रोलियम के बीच निष्पादित समझौते के अनुसरण में कर्तव्यों का निर्वहन और उसके निदेशों का पालन कर रहा है। इसे कभी भी जनहित में कार्य करने के रूप में नहीं माना जा सकता है।

नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के अधिवक्ता यश पाडिया ने यह भी तर्क दिया कि मेसर्स मनोज पेट्रोलियम के पास वैकल्पिक व प्रभावी उपाय है और उक्त उपाय का



लाभ उठाये बिना उन्होंने याचिका क्षेत्राधिकार के तहत इस न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है जो कानून का मखौल है। फ्रेंचाइज समझौता के खण्ड 20 में शिकायत निवारण स्थापना का प्रावधान है और उसी के खंड 21 में एक मध्यस्थता खंड शामिल है जो पक्षों के बीच समझौते का अभिन्न अंग है।

न्यायालय के समक्ष निर्धारण हेतु यह प्रश्न था कि क्या नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी, भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के दायरे में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित और स्पष्ट की गई ₹राज्य की परिभाषा के अन्तर्गत आती है कि नहीं?

खण्डपीठ ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सभी पहलुओं को देखने के पश्चात यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो गया है कि मेसर्स मनोज पेट्रोलियम, याचिकाकर्ता तथा प्रतिपक्षी संख्या-3 नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के बीच सम्बन्ध, दोनों ही निजी संस्थाओं होने के कारण, संविदात्मक प्रकृति के है, जो केवल वाणिज्यिक उददेश्य के लिये पेट्रोलियम तथा डीजल उत्पादों की बिकी के उद्देश्य से एक फ्रेंचाइजी समझौते के उद्देश्य से बनाये गये है। नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी एक निजी कम्पनी है, क्योंकि यह न तो किसी कानून के तहत बनाई गई है, न ही यह वित्तीय या प्रशासनिक रूप से सरकार द्वारा नियंत्रित है।

उक्त मामले की सुनवाई के पश्चात न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ एवं न्यायमूर्ति बी०सी०दीक्षित की खण्डपीठ ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 226 में किसी प्राइवेट कम्पनी के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है एवं खण्डपीठ ने नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका को पोषणीय नहीं मानते हुये खारिज कर दिया।

न्यायालय ने सभी पक्षों की ओर से उपस्थित हुये अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क के दौरान दिखाई गई निपुणता और धैर्य तथा उनके द्वारा किए गए व्यापक एवं सारगर्भित शोध के लिए धन्यवाद देना चाहता है, जिससे न्यायालय को अपने निष्कर्ष पर पहुँचने में सहायता मिली है।

स्वामी› प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।